DRUG STANDARDISATION MONITORING CELL

वार्षिक विवरण

ANNUAL REPORT

1984 - 85

LIBRARY
2263
19 8 2006

केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (भारत सरकार)

Central Council For Research In Homoeopathy

(MINISTRY OF HEALTH & FAMILY WELFARE (GOVT. OF INDIA)

B-1/6, Community Centre, Janak Puri, New Delhi- 110 058

वार्षिक रिपोर्ट

1984-85

केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद
नई दिल्ली

विषय सूची

विषय	पृष्ठ संख्या
प्रस्तावना	1
भाग - I	
संगठन	6
शासक मंडल	6
स्थायी वित्त समिति	10
वैज्ञानिक सलाहकार समिति	10
कार्यकारी समूह	12
संगठनात्मक कार्य	15
बजट प्रावधान	15
भाग - II	
अनुसंधान कार्यक्रम	17
रोग लक्षण अनुसंधान	18
रोग लक्षण सत्यापन अनुसंधान	115
औषधि परीक्षण अनुसंधान	145
औषधि अनुसंधान	150
प्रलेखन- साहित्य संबंधी अनुसंधान	162
सेवा में प्रशिक्षण कार्यक्रम	174
प्रकाशन	175
अधीनस्थ संस्थाएं और एकक	177
भाग - III	
1984-85 के वार्षिक आंकड़े	185

(लेखा परीक्षित)

प्रस्तावना

केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद की वर्ष 1984-85 की वार्षिक रिपोर्ट संसद के सम्मुख प्रस्तुत करते हुए हर्ष हो रहा है। रिपोर्ट को प्रस्तुत करते हुए मुझे परिषद की स्थापना से लेकर उसकी उपलब्धियों को गिनाने का अवसर मिल रहा है। मैं यहां पर सातवीं पंचवर्षीय योजना (1985-90) में अभिकल्पित परिषद के भावी कार्यक्रमों पर भी प्रकाश डालूंगा।

केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद की स्थापना, तत्कालीन भारतीय औषधि और होम्योपैथिक की केन्द्रीय अनुसंधान परिषद के विघटन के पश्चात्, औपचारिक रूप में पहली अप्रैल 1978 को एक स्वायत्त संगठन के रूप में की गई थी। इसे सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के xxi के अन्तर्गत पंजीकृत किया गया था। परन्तु जनवरी, 1979 में ही परिषद ने स्वतंत्र संगठन के रूप में कार्य करना शुरू कर दिया था।

परिषद की स्थापना के समय परिषद के पास एक केन्द्रीय अनुसंधान परिषद, दो क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थाएं, एक औषधि मानकीकरण एकक, एक रोगलक्षण अनुसंधान एकक, चार औषधि परीक्षण अनुसंधान एकक, एक औषधि मानकीकरण एकक, एक रोगलक्षण अनुसंधान इनक्वायरी और एक सहायता अनुदान योजना है। इस प्रकार कुल मिलाकर ग्यारह अधीनस्थ अनुसंधान संस्थाएं और एकक हैं। परिषद ने अपनी स्थापना से ही काफी तेजी से प्रगति की और अब 1984-85 के वर्ष के अन्त तक इसके इकावन अनुसंधान संस्थाएं/एकक हैं। परिषद की स्थापना के समय इसकी लगभग 13 अनुसंधान परियोजनाएं चल रही थी जबकि अब परिषद की 50 अनुसंधान परियोजनाएं चल रही हैं।

गत वर्ष में तथा चालू वर्ष में भी परिषद ने देश के विभिन्न भागों के जनजाति के क्षेत्रों में रोग लक्षण अनुसंधान पर जोर दिया है । इन दो वर्षों में उन्नीस अनुसंधान एकक पहले ही स्थापित किए जा चुके हैं । इन एककों का उद्देश्य यद्यपि विद्यमान विमारियों, रीति रिवाजों और अंधविश्वासों, खान-पान की आदतों, लोक- रीतियों आदि से संबंधित स्थानीय सर्वेक्षण करना है तथापि यह अनुसंधान के रूप में जनजाति के लोगों की मुक्त चिकित्सा की आवश्यकताओं को भी पूरा करती है । 1985-86 के शुरू में एक ऐसा एकक शिलांग में स्थापित किया जाएगा ।

परिषद द्वारा चलाए जा रहे औषधि निरीक्षण एककों के माध्यम से प्राप्त हुए रोग लक्षण के आंकड़ों की सत्यता की आवश्यकता भी परिषद ने महसूस की है । दो एकक पहले से ही इस कार्य में लगे हुए हैं और दो संस्थाओं तथा दो एककों को इस तरह के अनुसंधान कार्य को अतिरिक्त कार्य के रूप में हाथ में लेने के लिए तैयार किया जा रहा है जिससे आंकड़ों की सत्यता के काम में तेजी लाई जा सके ।

केन्द्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान में एक अनुदान संबंधी जांच एकक भी स्थापित कर दिया गया है जिससे चित्रों में जीवाणु, जन्तु और मानव वाइरस में होम्योपैथिक दवाइयों की शक्ति संबंधी अध्ययनों के काम को हाथ में लिया जा सके । इन अध्ययनों से होम्योपैथिक औषधियों के तंत्र तथा इस संबंध में अपनाई जाने वाली क्रियाविधि को समझने में नए रास्तों के खुलने की संभावना है । परिणाम जो पहले से प्राप्त हुए हैं उनसे उत्साहवर्धक संकेत मिले हैं ।

कष्टकर विमारियों से संबंधित अध्ययन भी नई दिल्ली स्थित संस्थान तथा बम्बई स्थित एकक में हाथ में लिया गया है ।

परिषद ने महामारियों तथा दैवी और मनुष्य निर्मित आपदाओं में, जहां असंख्य लोग इनसे प्रभावित हो जाते हैं, चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने की आवश्यकता भी महसूस की है । परिषद ने 1984-85 में विभिन्न महामारियों में अनुसंधान कार्य किए किए तथा 1984-85 में भोपाल (मध्य प्रदेश) में गैस त्रासदि से प्रभावित हुए लोगों को चिकित्सा सहायता मुहैया की । वास्तव में भोपाल में गैस से प्रभावित लोगों के लाभ के लिए अभी भी एक अनुसंधान कक्ष कार्य कर रहा है । एक महामारी कक्ष परिषद के मुख्यालय में स्थापित किया गया है जिससे देश के विभिन्न भागों की महामारियों से निपटा जा सके ।

परिषद से सम्बद्ध वैज्ञानिकों के लिए सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम भी 1984-85 से चलाया गया है । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत मलेरिया और फीलपावं (फलेरिया) रोगों पर एक कार्यशाला का पहले से आयोजन किया गया है ।

अनुसंधान कार्यों के संचालन में तेजी लाने तथा यह देखने के उद्देश्य से कि समय लेने वाली विभिन्न औपचारिकताओं से वास्तविक अनुसंधान कार्यों को कोई विघ्न न पहुंचे और अनुसंधान कार्यों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना इन्हें दूर करने के उद्देश्य से परिषद ने तकनीकी कार्यों को विकेन्द्रीयकृत करने के लिए विशिष्ट अनुसंधान क्षेत्रों के लिए छः नोडल बिन्दुओं की स्थापना की है । ये नोडल बिन्दु विभिन्न स्रोतों से प्राप्त किए गए आंकड़ों की एकरूपता की व्यवहार्यता बताएंगे ।

सातवीं पंचवर्षीय आयोजना के दौरान परिषद ने 550·00 लाख रुपए के परिव्यय का प्रस्ताव किया है। इसका उपयोग मौजूदा योजनाओं को समेकित तथा सुदृढ़ करने तथा सबको हाल की प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए किया जाएगा। इस धनराशि का उपयोग अब तक अछूते क्षेत्रों में अनुसंधान कार्य प्रारंभ करने के लिए भी किया जाएगा। इनमें (1) होम्योपैथिक औषधियों की जीव-भौतिक गुणधर्मों का अध्ययन, और (2) वाइट्रो में उत्पन्न विशिष्ट बिमारियों में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभावों का अध्ययन शामिल है।

रोग लक्षण अनुसंधान को भी सरल बनाया जा रहा है जिससे रोग लक्षण अनुसंधान की प्रत्येक समस्या को नव-निर्मित प्रोटोकालों को अपनाकर इसमें तेजी तथा इसे परिणाम प्रधान बनाया जा सके।

परिषद का अपने उद्देश्यों की प्राप्ति की दिशा में अग्रसर होने के लिए दो केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, दो क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान और लगभग पच्चीस अनुसंधान एककों की स्थापना का प्रस्ताव है।

डा. डी.पी. रस्तोगी
निदेशक

----- अक्तूबर, 1985

भाग - I

संगठन

शासक मंडल

स्थायी वित्त समिति

वैज्ञानिक सलाहकार समिति

कार्यकारी समूह

संगठनात्मक कार्य

बजट प्रावधान

संगठन

केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद् की स्थापना 30 मार्च, 1978 को 1860 के सोसाइटी पंजीकरण एक्ट XXI के अधीन की गई थी और इसके निम्नलिखित मुख्य उद्देश्य हैं :-

1. होम्योपैथी में वैज्ञानिक ढंग से अनुसंधान के लक्ष्यों और ढांचों की रूपरेखा तैयार करना ;

2. होम्योपैथी से संबंधित हर तरह के अनुसंधान अथवा अन्य कार्यक्रम शुरु करना ;

3. अनुसंधान का निष्पादन और इसके लिए सहायता प्रदान करना, रोग के कारणों, इनके फैलने के तरीकों और रोकथाम से संबंधित प्रामाणिक उपायों के बारे में जानकारी का प्रचार-प्रसार ;

4. होम्योपैथी के विभिन्न आधारभूत और अनुप्रयुक्त पहलुओं से वैज्ञानिक अनुसंधान शुरु करना, सहायता देना और विकास और समन्वय पर ध्यान देना और रोगों के अध्ययन, इनकी रोकथाम और उपचार आदि के लिए अनुसंधान संस्था को प्रोत्साहन और सहायता देना ।

31 मार्च, 1985 तक सोसायटी के सदस्य और परिषद् के शासक मंडल में निम्नलिखित व्यक्ति थे :-

शासक मंडल

1. श्री बी. शंकरा नन्द — अध्यक्ष
केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार
कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन, नई दिल्ली

2. श्रीमती मोहसिना किदवाई, उपाध्यक्ष
केन्द्रीय राज्य मंत्री,
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण
मंत्रालय,
निर्माण भवन, नई दिल्ली

3. सचिव,
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण
मंत्रालय, सदस्य
निर्माण भवन, नई दिल्ली

4. संयुक्त सचिव(आई.एस.एम.),
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण सदस्य
मंत्रालय,
निर्माण भवन, नई दिल्ली ।

5. संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सदस्य
सलाहकार, स्वास्थ्य और परिवार
कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन, नई दिल्ली ।

6. डा. दिवान हरीश चन्द्र सदस्य
अवैतनिक सलाहकार(होम्योपैथी),
1, हनुमान रोड, नई दिल्ली ।

7. डा. बी.एन. चक्रवर्ती,
5, शुबाल कोले लेन, सदस्य
हावड़ा(पश्चिम बंगाल)

8. डा. तिलक राज चड्ढा, सदस्य
104, राजेन्द्र नगर,
नई दिल्ली

9. डा. बी.एन. पाल, सदस्य
रामघाट रोड़,
अलीगढ़

10. डा. एम. कुटुम्बाराव, सदस्य
भूतपूर्व प्रिंसिपल,
डा. गुरुराजू राजकीय होम्योपैथिक
मेडिकल कालेज एवं अस्पताल,
डाकखाना- गुडिवाडा,
जिला- कृष्णा(आन्ध्र प्रदेश)

11. डा. आर.एस. द्विवेदी, सदस्य
विज्ञान महाविद्यालय,
बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय,
वाराणसी(उ.प्र.)

12. डा. आर. एन. चक्रवर्ती, सदस्य
निदेशक,
राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान,
118, अमहर्स्ट स्ट्रीट,
कलकत्ता

13. डा. डी.एन. प्रसाद, सदस्य
प्रिंसिपल,
एम. एल.वी. मेडिकल कालिज,
झांसी

14. प्रोफेसर एल.के. वैश्य, सदस्य
परामर्शदाता, चिकित्सा एवं हृदय
रोग विशेषज्ञ, एस.एस. एल. अस्पताल,
बनारस हिन्दी विश्वविद्यालय,
वाराणसी

15. डा. बी.टी. अगास्टिन सदस्य सचिव
निदेशक, (15 अप्रैल, 1984
केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्,
बी 1/6, सामुदायिक केन्द्र,
जनकपुरी,
नई दिल्ली ।

16. डा. डी.पी. रस्तोगी, सदस्य सचिव
निदेशक, (16 अप्रैल, 1984
केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद् से)
बी 1/6, सामुदायिक केन्द्र,
जनक पुरी,
नई दिल्ली ।

स्थायी वित्त समिति

1. संयुक्त सचिव प्रभारी (आई.एस.एम.),
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन, नई दिल्ली ।

2. संयुक्त सचिव (एफ.ए.),
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन, नई दिल्ली ।

3. डा. दिवान हरीश चन्द,
1, हनुमान रोड, नई दिल्ली ।

4. निदेशक,
केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्,
नई दिल्ली ।

आलोच्य वर्ष में स्थायी वित्त समिति की एक बार अर्थात 21 दिसम्बर, 1984 को बैठक हुई ।

वैज्ञानिक सलाहकार समिति

1. डा. दिवान हरीश चन्द, अध्यक्ष
भारत सरकार के अवैतनिक सलाहकार
(होम्योपैथी),
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन, नई दिल्ली ।

2. डा. एम.सी. बत्रा, सदस्य
1-बी, लेंड्स एण्ड,
29-जी, डोंगर्सी रोड, बम्बई-6

3\. डा. टी.पी. एलियास, सदस्य
प्रिंसिपल,
होम्योपैथिक मेडिकल कालेज,
कुरिचिवोयामापुरम, कोटटायम

4\. डा. एम. कुट्टम्बारामम, सदस्य
भूतपूर्व प्राचार्य,
डा. गुरुराज राजकीय होम्योपैथिक
मेडिकल कालेज तथा अस्पताल
गुडीवाडा (आन्ध्र प्रदेश)

5\. डा. बी.एन. चक्रवर्ती,
5, गुबाल कोले लेन,
हावड़ा (पश्चिम बंगाल)

6\. डा. वी.टी. अगास्टिन, सदस्य
उप सलाहकार (होम्योपैथी)
स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन, नई दिल्ली ।

7\. निदेशक, सदस्य सचिव
केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद
नई दिल्ली ।

आलोच्य वर्ष में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक दो बार अर्थात अगस्त 84 और फरवरी, 1985 में हुई ।

कार्यकारी समूह

रोगलक्षण अनुसंधान

1\. डा. दिवान हरीश चन्द्र, अध्यक्ष
अवैतनिक सलाहकार (होम्योपैथी)
भारत सरकार,
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन,
नई दिल्ली ।

2\. डा. बी.एन. चक्रवर्ती, सदस्य
5, गुबाल कोले लेन,
हावड़ा (पश्चिम बंगाल)

3\. डा. एम.सी. बत्रा, सदस्य
1-बी, लैंड्स एण्ड 29-डी, डेंगर्स रोड,
बम्बई ।

4\. डा. टी. आर. चड्ढा, सदस्य
104, राजेन्द्र नगर,
नई दिल्ली ।

5\. डा. बी.एन. पाल, सदस्य
रामघाट रोड,
अलीगढ़

6\. निदेशक, सदस्य सचिव
केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान
परिषद, नई दिल्ली

औषधि परीक्षण अनुसंधान

1· डा· दिवान हरीश चन्द, अध्यक्ष
अवैतनिक सलाहकार (होम्योपैथी)
भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन, नई दिल्ली

2· डा· एस· कुटुम्बाराव, सदस्य
भूतपूर्व प्राचार्य,
डा· गुरुराज राजकीय होम्योपैथिक
मेडिकल कालेज तथा अस्पताल,
गुडीवाडा (आन्ध्र प्रदेश)

3· डा· बी·टी· अगस्टिन, सदस्य
उप सलाहकार (होम्योपैथी)
स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन, नई दिल्ली ।

4· निदेशक,
केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद सदस्य सचिव

औषधि अनुसंधान और मानकीकरण

1· डा· दिवान हरीश चन्द अध्यक्ष
अ·स·(ह·)
2· डा· बी·एन· पाल, सदस्य
स्वा· परि·कल्या·
3· डा· आर·एस· द्विवेदी, सदस्य
वि· महा· ब·हि·वि·
4· डा· डी·एन· प्रसाद, सदस्य
प्रिंसिपल एम·एल·बी· मेडि· कालि·
5· प्रोफेसर एस·के· वैश्य सदस्य
ब·हि·वि·
6· निदेशक,
केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद सदस्य सचिव
नई दिल्ली ।

साहित्य संबंधी अनुसंधान और प्रलेखन

1· डा· दिवान हरीश चन्द, अध्यक्ष
अ·स· (ह)
2· डा· टी·आर· चड्ढा, सदस्य
104· राजेन्द्र नगर, दिल्ली
3· निदेशक, केन्द्रीय होम्योपैथिक
अनुसंधान परिषद, सदस्य सचिव

1984-85 के वर्ष में रोगलक्षण अनुसंधान, औषधि परीक्षण अनुसंधान और औषधि अनुसंधान और मानकीकरण के कार्यकारी समूह की एक- एक बैठक हुई जबकि कार्यकारी समूह (साहित्य) की तीन बैठकें हुईं ।

संगठनात्मक कार्य

इस राज्य दो केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, दो क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, एक प्रलेखन और सूचना मंडल, दो रोगलक्षण जांच एकक, चौदह रोग लक्षण अनुसंधान एकक, पांच औषधि परीक्षण अनुसंधान एकक, तीन औषधि मानकीकरण एकक, एक औषधीय पौधों का सर्वेक्षण और एकत्रीकरण एकक, उन्नीस रोग लक्षण अनुसंधान एकक (जनजातीय), एक अनुदान संबंधी जांच एकक तथा एक रोग लक्षण अनुसंधान कक्ष है । 1984-85 के दौरान तेरह रोगलक्षण अनुसंधान एकक (जनजातीय) स्थापित किए गए है ।

बजट प्रावधान

निम्नलिखित तालिका से परिषद के बजट प्रावधानों की एक झलक मिलती है :-

(लाख रुपए)

	वास्तविक व्यय 1983-84	बजट अनुमान 1984-85	संशोधित अनुमान 1984-85	वास्तविक व्यय 1984-85
आयोजना	36.60	40.00	38.00	49.08
आयोजना-भिन्न	20.18	21.35	23.60	23.58

भाग - II

अनुसंधान कार्यक्रम

रोग लक्षण अनुसंधान

रोग लक्षण जांच अनुसंधान

औषधि परीक्षण अनुसंधान

औषधि अनुसंधान

प्रलेखन - साहित्य अनुसंधान

सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम

प्रकाशन

अनुसंधान कार्यक्रम

अनुसंधान के क्षेत्र

1. रोग लक्षण अनुसंधान

2. रोग लक्षण जांच अनुसंधान

3. औषधि परीक्षण अनुसंधान

4. औषधि अनुसंधान

5. प्रलेखन और साहित्य संबंधी अनुसंधान

रोग लक्षण अनुसंधान

प्रस्तावना

रोग लक्षण अनुसंधान के लिए औषधि विकास हमेशा मुख्य स्रोत रहा है । होम्योपैथी के मामले में यह अधिक सही है क्योंकि स्वस्थ मनुष्यों पर औषधि परीक्षण (जांच) से जो आंकड़े प्राप्त होते हैं उनकी चिकित्सालय में रोगियों पर जांच किए जाने की आवश्यकता होती है । वैध हो जाने पर वे होम्योपैथिक मैटेरिया मैडिका का अंग बन जाते हैं । इसलिए 1978 में परिषद् की स्थापना से लेकर ही ये अनुसंधान कार्यकलापों का एक महत्वपूर्ण अंग बन गए हैं ।

यद्यपि होम्योपैथी में रोग लक्षण अनुसंधान के विभिन्न उद्देश्य जैसे (1) औषधि चिकित्सा हेतु रोगलक्षण की पुष्टि, (2) नए रोग लक्षण के लक्षणों का पता लगाना, (3) रोग-लक्षण औषधि के चित्रों को तैयार करना, (4) विभिन्न सम्मिश्रण, स्वभाव तथा शरीर गठन का वर्गीकरण और (5) किसी विशेष रोगजनन अवस्थाओं आदि में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का मूल्यांकन है तथापि परिषद् के रोग लक्षण अनुसंधान कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य " निम्नलिखित के संबंध में अधिक प्रभावी होम्योपैथिक औषधियों के समूह का पता लगाना है " :

1) इनके विश्वसनीय लक्षणों का पता लगाना
2) इनकी अत्यधिक उपयोगी शक्ति का पता लगाना
3) इनके एडमिनिस्ट्रेशन की विश्वसनीय फ्रीक्वेंसी निर्धारित करना
4) इनका प्रतिकारक, विपरीत, प्रतिपूरक आदि का एक दूसरे के साथ संबंध निर्धारित करना ।

कुछ रोगों की अवस्थाओं में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने के अतिरिक्त परिषद् ने कुछ रोगों की अवस्थाओं में विशेष औषधियों के प्रभावों से संबंधित अध्ययन के काम को भी हाथ में लिया है । इन औषधियों के बारे में बताया गया है कि या तो रोगग्रस्त अंग के लिए इनका विशेष महत्व है और या विशेष रोगों में, जिनका अध्ययन इस कार्यक्रम के अन्तर्गत किया जा रहा है इनका प्रयोग परम्परागत या आनुभविक तौर से किया जाता है ।

1. रोगलक्षण अनुसंधान परियोजनाएं, 1984-85

औषधि केन्द्रित

1.1.1 विभिन्न बिमारियों में बावेल नोसोड की प्रभावकता का रोगलाक्षणिक मूल्यांकन ।

1.1.2. होम्योपैथी में प्रभावकता का रोगलाक्षणिक मूल्यांकन - चिल्लोन, एमबेलियारिब्स (बिरंगा) और कूपरम ओक्साइडेटम निगरम ।

1.1.3. ट्यूबरकूलिनम पुरा की औषधी चिकित्सा की रोगलाक्षणिक जांच

1.2 रोग केन्द्रित

1. एलेर्जी- एलेर्जी वक्राशोथ
2. औषधि एलेर्जी
3. एलोपेसिया अरेटा
4. अमीबा- रुग्णता
5. बेसिलरी डाइसेंटरी
6. श्वसनिका- दमा
7. गर्भाशय ग्रीवा अपरदन
8. गर्भाशशोथ (सर्विसाइटिस)
9. घट्टे
10. मधुमेह
11. पेचिश
12. एक्जीमा
13. मिरगी
14. फाइलेरिया
15. जठरा न्त्रशोथ
16. गाउट

17. मलेरिया
18. कष्टकर बिमारियां
19. मानसिक रोग
20. मम्प्स
21. ओस्टिओ आर्थ्रीटीज
22. मध्यकर्णशोथ (ओटाइटिस मीडिया)
23. सोरिएसिस
24. रूमैटिक सन्धिशोथ/ ज्वर
25. रूमैटिक सन्धिशोथ
26. नासाशोथ (राइनाटिस)
27. गृध्रसी
28. विवरशोथ (साइनसशोथ)
29. खेत-खूद औषधियां (खिलाड़ियों को होने वाले रोग)
30. तुंडिकाशोथ (टान्सिलाइटिस)
31. मस्से

1.3 जनजातीय क्षेत्रों में रोगलक्षण अनुसंधान

परिषद ने देश के विभिन्न भागों में अनुसंधान के लाभों को जनजाति के लोगों तक पहुंचाने की आवश्यकता महसूस की है और इसीलिए उसने जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में अपने एक महत्व-पूर्ण कार्यक्रम के रूप में रोग लक्षण अनुसंधान कार्यक्रमों को अपनाया है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में पहले से ही ऐसे उन्नीस रोगलक्षण अनुसंधान एकक स्थापित किए जा चुके हैं।

इन एककों का उद्देश्य अनुसंधान संबंधी अध्ययनों के माध्यम से जनजाति के लोगों की चिकित्सा देखभाल करना है। इसके साथ-साथ ये औषधि और स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले मौजूदा रोग, खानपान की आदतें, स्थानीय रीति-रिवाज और अन्ध-विश्वास, प्राकृतिक संसाधन तथा लोक रीति से संबंधित आंकड़े भी इकट्ठा करते हैं।

रोग लक्षण अनुसंधान

1.1.1 बावेल नोसोड का विभिन्न रोगों में रोगलाक्षणिक मूल्यांकन

बावेल नोसोड का प्रयोग यद्यपि व्यापक रूप से नहीं किया जाता, परन्तु चिरकारी रोगों में अन्य होम्योपैथिक औषधियों के साथ इसका प्रयोग बड़ा लाभकारी होता है। चमत्कारी औषधियों का प्रयोग पिछले 50 सालों से हो रहा है, परन्तु इनका चिकित्सीय व्यवहार मुख्यत: उन रोग लक्षणों पर निर्भर है जो स्वस्थ आदमी में दिखाई पड़ते हैं। इस तथ्य के कारण उनका रोगजनन प्रभाव अपूर्ण है। इन सीमाओं को देखते हुए परिषद ने इन औषधियों के रोग लाक्षणिक उपयोग के मूल्यांकन तथा भविष्य में उनकी रोगजनन क्षमता के बेहतर इस्तेमाल के लिए केन्द्रीय होम्योपैथी संस्थान, कलकत्ता में 1978-79 से अध्ययन आरंभ किया था जो अब भी चल रहा है।

इन नोसोड का विभिन्न शक्तियों (पोटेंसी) में प्रयोग किया गया, जो इस प्रकार है :-

मानसिक लक्षणों के होने पर उच्च शक्ति (200 या उससे ऊपर की शक्ति वाली) औषधि दी गई, अत्यधिक विकृतियों की उपस्थिति में निम्न शक्ति (जैसे कि 6 या इससे थोड़ी ऊपर) दी गई और चिरकारी तीव्र अवस्थाओं के समय 30 की शक्ति की मात्रा दी गई।

डिसेंटरी को, गार्टनर, मोरगान(गार्टनर), मोरगान-प्योर, प्रोटस और साइकोटिक को, नामक बावेल नोसोड का रोगलाक्षणिक परीक्षण किया गया ।

1984-85 के वर्ष में किए गए कार्य का संक्षिप्त सार

इस परियोजना के अन्तर्गत कुल 174 रोगियों का अध्ययन किया गया । अध्ययन से जो परिणाम प्राप्त हुए हैं उनकी पुष्टि इन नोसोडों के लक्षणों से हो गई है और इन्हें पहले ही संबंधित वर्षों की वार्षिक रिपोर्टों में अधिसूचित कर दिया गया है ।

1·1·1·1 **वर्ष 1984-85 की उपलब्धियां**

आलोच्य वर्ष के दौरान इस अध्ययन कार्यक्रम के अन्तर्गत 98 रोगी पंजीकृत किए गए । औषधि के अनुसार वितरण, प्राप्त परिणाम और उपचार के दौरान लुप्त लक्षणों को नीचे की सारणी में देखा जा सकता है ।

औषधि	अध्ययन के लिए रोगियों की संख्या	सुधार हुए रोगियों की संख्या			छोडे गए रोगियों की संख्या
		कम सुधार	औसत सुधार	विशिष्ट सुधार	
डिसेन्टरी को.	42	28	1	1	12
गेयदर	10	1	2	3	4
मोरगान गायर्ट	17	5	2	2	8
मोरगान(प्योर)	8	2	1	1	4
प्रोट्स	5	2	2	1	–
सायकोटिक को.	16	6	2	2	6
जोड़	98	44	10	10	34

1·1·1·2 इन औषधियों के प्रभाव से लुप्त हुए लक्षणों का ब्यौरा इस प्रकार है :

1·1·1·2·1 **डिसेन्टरी को.**

लक्षण	स्पष्ट लक्षण दर्शाने वाले रोगियों की संख्या	ऐसे रोगियों की संख्या जिन में सुधार हुआ या लक्षण लुप्त हो गए
खाने से उदर में दर्द	20	5
दिन में 5-6 बार श्लेष्मा के साथ बार-बार पतला मल आना	30	10
चिन्ता से प्रवाहिका	15	7
मिठाई, नमकीन, दूध की इच्छा	10	कोई परिवर्तन नहीं
अत्यन्त बेचैनी, मानसिक तनाव, अवसाद, पूर्णतया भयभीत	20	5

1·1·1·2·2 गार्यर्टनर

लक्षण	स्पष्ट लक्षण दर्शाने वाले रोगियों की संख्या	ऐसे रोगियों की संख्या जिन में सुधार हुआ या लक्षण लुप्त हो गए
मार्कड कुपोषण	5	2
अकेला, शोर, सड़क पार करने पर बेचैनी	5	2
पनीर, दूध उत्पादों की इच्छा	3	कोई परिवर्तन नही
मिठाई खाने के पश्चात उदर में दर्द, अम्लता, उल्टी आना	4	2
आन्त्डियों में प्रायः कब्ज रहना और शौच में खून और श्लेष्मा आना	5	2

1·1·1·2·3 मोरगान (गार्यर्टनर)

लक्षण	स्पष्ट लक्षण दर्शाने वाले रोगियों की संख्या	ऐसे रोगियों की संख्या जिन में सुधार हुआ या लक्षण लुप्त हो गए
अधीरता, तनाव	10	3
स्वाद तिक्त	8	3
अधिजठर में दर्द, दोपहर में उल्टी	5	2
आंतडी में प्रायः कब्ज	12	5

1·1·1·2·4 मोरगान (प्योर)

लक्षण	स्पष्ट लक्षण दर्शाने वाले रोगियों की संख्या	ऐसे रोगियों की संख्या जिन में सुधार हुआ या लक्षण लुप्त हो गए
क्षोमता तथा उवसाद की आशंका	2	1
मुहं होंठ शुष्क, प्रातः मुंह का स्वाद खराब	4	2
वसा, मिठाई, अंडों की इच्छा	3	कोई परिवर्तन नहीं
अधिजठर में दांए और बाए भाग में पीड़ा	4	1
एनों में विदर के साथ आंतडी में प्रायः कब्ज	2	1

1·1·1·2·5 प्रेटिअस

लक्षण	स्पष्ट लक्षण दर्शाने वाले रोगियों की संख्या	ऐसे रोगियों की संख्या जिनमें सुधार हुआ या लक्षण लक्षण लुप्त हो गए
आत्महत्या करने की प्रवृत्ति, भीड सेडर, बैचेनी	2	1
मूंह में सूखापन, सांस में बदबू, मूंह से लार आना	3	1
मिठाई, अंडा, मक्खन खाने की इच्छा	2	कोई परिवर्तन नहीं
वायु पीडा, अम्लता, अंडा खाना	3	1
अनल प्रूरिटीज के साथ आंतडी में कब्ज	2	1

1·1·1·2·6 साइकोटिक को·

लक्षण	स्पष्ट लक्षण दर्शाने वाले रोगियों की संख्या	ऐसे रोगियों की संख्या जिन में सुधार हुआ या लक्षण लुप्त हो गए
अकेले रहने पर भय, कुत्तों का भय	8	3
होठ शुष्क और किनारों पर फटे हुए	6	2
मक्खन, वसा, दूध की इच्छा	6	कोई परिवर्तन नहीं
शोलो के साथ उदर में दर्द के साथ पतला मल, अनेभिक पफूफी चेहरा	10	5
अत्यन्त चिडचिड़ा, अधीरता	8	3
भोजन की गन्द से मतली	4	2

प्रेक्षण

अध्ययन के दौरान यह पाया गया कि ये औषधियाँ जठरांत्र विकारों में अन्त: चालू सुधारों के लिए बहुत उपयोगी हैं। इनसे जो परिणाम प्राप्त हुए हैं वे लाभदायक रहे हैं और उनके प्रयोग किए जाने की पुन: पुष्टि हो गई है।

भावी कार्यक्रम

नए मार्गनिर्देशों के अनुसार इन चालू अध्ययनों को जारी रखा जाना है ।

1·1·2 चीलोन ग्लैब्रा, विरांगा (एम्बेलिया राईबस) और क्यूप्रम आक्सिडेटम निगरम का कृमि रुग्णता पर नैदानिक प्रभाव और उसका मूल्यांकन

कृमि रुग्णता एक आम रोग है तथा उष्ण कटिबंधीय देशों में बहुत होता है । चीलोन ग्लैवा बिरांगा (एवबेलिया राईबस) और क्यूप्रम आक्सिडेटम निगरम औषधियों की प्रतिक्रिया, जो कृमि रुग्णता में विशेष चिकित्सीय है, का मूल्यांकन इन तीन औषधियों से कृमि रुग्णता में रोगलक्षण अनुसंधान का काम परिषद् ने अपने हाथ में लिया है ।

वर्ष के दौरान कुल 45 रोगियों का अध्ययन किया गया जिसमें से 25 में भिन्न- भिन्न स्तर तक सुधार पाया गया । ब्यौरे निम्न तालिका में दिए गए हैं :-

औषधि का नाम	रोगियों की संख्या जिन्हें यह औषधि दी गई	रोगियों में लाभकारी सिद्ध हुई
चीलोन ग्लैब्रा	26	13
बिरांगा (एवबेलिया राईबस)	21	11
क्यूप्रम आक्सिडेटम निगरम	4	1
	51	25

x रोगियों की कुल संख्या में अन्तर है क्योंकि कुछ रोगियों को औषधि देने के पश्चात् कोई सुधार न होने के कारण एक से अधिक औषधियां दी गई ।

प्रेक्षण

जैसा कि उक्त तालिका में देखा गया है कि कृमिरुग्णता में चीलोन ग्लैब्रा और एम्बेलिया राइबस (बिरांगा) नामक औषधियां बहुत प्रभावपूर्ण सिद्ध हुई हैं । तीन रोगियों के मामले में जिनमें सुधार हुआ था, उपचार के पश्चात् किए गए कीडे, मल के परीक्षणों में कीडे नहीं पाए गए । 17 अन्य रोगियों के मामलों में नैदानिक सुधार पाया गया ।

भावी कार्यक्रम

रोगलक्षण अनुसंधान के लिए नव निर्मित औषधियों के साथ चालू अध्ययन जारी रखा जाना है ।

1·1·3 दयूबरकुलिनम (ट्यूबरा) का रोगलक्षण प्रभाव

होम्योपैथी में अनेक रोगों के लिए दयूबरकुलिनम का प्रयोग किया जाता है । यद्यपि इससे पूरा शरीर प्रभावित होता है तथापि यह ऊपरी श्वसनिका क्षेत्र संक्रमण में, खास तौर से उन रोगियों पर जिनके परिवारों में यक्ष्मा का रोग हुआ हो, विशेष सुधार दिखाई दिया है । आश्चार्यजनक बात यह है कि इसके बहुत से महत्वपूर्ण लक्षण रोगलाक्षणिक प्रेक्षणों में देखे गए हैं न कि स्वस्थ मनुष्यों के नियमित परीक्षणों में । परिषद् ने इस अध्ययन को बम्बई तथा पूणे के रोगलक्षण अनुसंधान एकक में अपने हाथ में लिया है जिससे इस औषधि के रोग लाक्षणिक चित्र के अधिकाधिक विकास के लिए जो लक्षण समूह ज्ञात है उसके सत्यापन के लिए अध्ययन किया जा सके ।

विधि और प्रेक्षण

इस अध्ययन के अन्तर्गत कुल 40 रोगियों का अध्ययन किया गया । औषधि की 200 से 50 हजार शक्ति की मात्राएं दी गई ।

अब तक किए गए अध्ययनों से औषधि के निम्नलिखित चिह्नों और लक्षणों की पुष्टि हुई है और ये होम्योपैथी मैटेरिया मेडिका में पहले से वर्णित लक्षणों के अनुरूप ही हैं :-

	रोगियों की संख्या	सुधार हुए रोगियों की संख्या
शीत (कोल्ड)	34	28
खांसी	33	23
छींकना	25	16
बेचैनी	25	14
नाक बहना	20	14
इओसिनोफीलिया	18	12
छाती में घबराहट	17	10
कब्ज	16	9
वीजिंग	10	9
सूखी खांसी	5	2
कृच्छार्तव	4	2
कर्णस्राव	2	2
ल्यूकोरिया	2	2
रचिंग इरप्शन	1	1
सोरियासिस	1	1

भावी कार्यक्रम

अधिक आंकड़े प्राप्त करने के उद्देश्य से अध्ययन जारी है ।

1.2.1 एलेर्जी वक्शोथ

सारांश

1984-85 के दौरान एलेर्जिक वक्शोथ के 135 रोगियों का अध्ययन किया गया । इनमें से इक्यावन रोगियों का निदान हो गया और 44 अन्य रोगियों में भिन्न-भिन्न स्तर तक सुधार पाया गया ।

प्रस्तावना

एलर्जी के कारण होने वाले त्वचाशोथ के लक्षण त्वचा पर घाव और उसके परिणामस्वरूप त्वचा में खाज अथवा जलन होना है । इस रोग की आम प्रतिक्रिया जलन है जिसके कारण त्वचा पहिये की तरह उभर जाती है और उसका आकार प्रकार अलग अलग अर्थात गोल और बहुत लम्बा एवं अनियमित जगह पर फैला होता है । त्वचा के घाव कभी कभी बिना इलाज भी 24 घंटे में गायब हो जाते हैं । औषधियां, खानपान, सूंघने की वस्तुएं, जीवाणुओं, ठंड, गर्मी आदि के कारण भी खुजली (पित्ती) पैदा हो सकती है ।

खुजली (पित्ती) का अलाज करने के लिए होम्योपैथी की दवाओं की क्षमता का पता लगाने के लिए 1972 से लेकर नयी दिल्ली स्थित क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान में और 1979 से लेकर सूरत स्थित रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक में अध्ययन किया जा रहा है ।

1984-85 से पूर्व किये गए कार्य का संक्षिप्त विवरण

वर्ष 1984-85 से पूर्व एलर्जिक दाद के 1457 मामलों का अध्ययन किया गया था । इन मामलों पर विस्तृत रिपोर्ट सम्बद्ध वर्षों की वार्षिक रिपोर्टों में दी जा चुकी है ।

वर्ष 1984-85 के दौरान उपलब्धियां :

वर्ष 1984-85 के दौरान एलर्जिक दाद के 135 मामलों का अध्ययन किया गया था । इनमें से 59 मामलों के ठीक इलाज़ हो जाने की सूचना मिली है, 32 मामलों में उल्लेखनीय सुधार हुआ, 3 मामलों में सामान्य सा सुधार हुआ, 9 मामलों में थोड़ा सा सुधार हुआ, 4 में कोई सुधार नहीं हुआ और 18 मामलों को अध्ययन कार्यक्रम में से निकाल दिया गया । रिपोर्ट तैयार करते समय 10 मामले प्रेक्षणाधीन थे । इन मामलों में से 20 मामले पुराने थे जिनका अध्ययन अनुवर्ती कार्यक्रम के अधीन किया जा रहा था ।

कारगर पायी गयी होम्योपैथिक दवाएं

एलर्जिक दाद के मामलों में 13 होम्योपैथी दवाएं कारगर पाई गयी थीं । ये दवाएं हैं : एपिस मेलिफिका (3); आरसेनिकम एलबम (2); कलकेरिआ कारबोनिका (2); लाचेसिस (3); लाइको-पोडियम क्लेवेटम (2):, नेवुरम मुरिएशियम (2); फासफोरस (2); रानुनकुलस बुल बोसस (1) और रूहुस टाक्सिकोडेंड्रम ।

यह देखा गया था कि लाइकोपोडियम क्लेवेटम के बाद लीचेसिस, आर्सेनिकम अलबम के बाद फासफोरस और कलकेरिया कार्बोनिका के बाद एपिस मेलिफिका उल्लेखनीय तौर पर कारगर सिद्ध हुई ।

उन मामलों में जिनमें रूहुस टाक्सिकोडेंड्रम और आर्सेनिक अल्बम से इलाज किया जा रहा था क्रमश: ट्यूबरकुलीनम, वेसिलिनम और सल्फर मध्यवर्ती उपचार के रूप में उपयोगी सिद्ध हुई ।

प्रेक्षण

यह देखा गया कि इलाज़ के दौरान बीमारी के जिन आक्रमणों का प्रतिकार किया गया बाद में उनकी अवधि, अवरतता और घनत्व काफी कम हो गया ।

भावी कार्यक्रम :

वर्तमान अध्ययन जारी रहेंगे ।

1.2.2 औषधि एलर्जी (त्वचा)

सारांश

1984-85 में सूरत स्थित चिकित्सा अनुसंधान एकक में औषधि एलर्जी के उन्नीस मामलों का अध्ययन किया गया था । रिपोर्ट के अनुसार इनमें से ग्यारह मामलों में इलाज हो गया था और 8 मामलों में हालत में कहीं उल्लेखनीय और कहीं थोड़ा सा सुधार हुआ था ।

प्रस्तावना

दाद मेडिकामेन्टोसा के लक्षण त्वचा का फटना है जो लगातार औषधियों के खाने से, सूंघने से या आनुवंशिक होता है । यह रोग औषधि के अधिक मात्रा में (निवर अथवा निर्दिष्ट से अधिक) सेवन से; गौण अथवा पार्श्विक प्रभाव के रूप में और रोगी विशेष के किसी विशिष्ट औषधि से अत्यधिक प्रभावित होने के कारण होता है ।

इस प्रकार के दाद संबंधी रोग परिलक्ष्ट औषधियों के अधिक मात्रा में सेवन के कारण आम हो गए हैं । इस समस्या के सैदानिक रोचक स्वरूप को देखते हुए रोग लाक्षणिक अनुसंधान एकक सूरत ने 1983-84 में इस समस्या का अनुसंधान अध्ययन शुरू किया है जो अभी चल रहा है ।

वर्ष 1983-84 में किए गए कार्य का संक्षिप्त विवरण :

पिछले वर्ष में औषधि एलर्जी (त्वचा) के पांच मामलों का अध्ययन किया गया । इन में से तीन मामलों में सुधार हुआ है । इस अध्ययन के परिणामों की सूचना वर्ष 1983-84 की वार्षिक रिपोर्ट में दी जा चुकी है ।

वर्ष 1984-85 के दौरान उपलब्धियां :

वर्ष 1984-85 के दौरान औषधि एलर्जी के 19 मामलों का अध्ययन किया गया था । इन 19 मामलों में से 11 मामलों का इलाज कर लिया गया है और 8 मामलों में कहीं उल्लेखनीय और कहीं थोड़ा सा हालत में सुधार देखा गया है ।

कारगर सिद्ध हुई होम्योपैथी दवाएं :

जैसा कि प्रत्येक के सामने उल्लेख किया गया है औषधियों के कारण हुई एलर्जी के मामलों में निम्नलिखित होम्योपैथिक औषधियां कारगर सिद्ध हुई हैं ।

एपिस मेलिफिका 30 आरसेनिक अलबम 300	एस्प्रीन और इबु गोसिक	गैस संबंधी रोग और खुजली
	गारागाइसीन और प्रोकेन पेनसिलीन	उभरा हुआ पीकदार फोडा फुंसी

ब्राइओनिया 200	लेक्जाटिका और परगेटिजं	सिर दर्द/जोड़ों के रोग
केलिडोनियम Ø चाइना 30 फाइव फास 6x	क्लोरोक्वीन	पीलिया/रक्तहीनता
नक्स वोमिका 200	एस्प्रीन और इब्रुगेरिक	गैस संबंधी रोग और जलन
नक्स वोमिका 200 आरसेनिकम अलबम 200 गलसेमियम आई एम	बी सी जी और पोलियो टीके	अजीर्ण/नासिका संबंधी रोग
नक्स वोमिका 200	लकोटिब्ज और पर्गेटिब्ज़	सिर दर्द/ गठिया रोग
पाइरोजेनियम 200	आर्टिल्यूकोड्रमल गरहम (आयुर्वेदिक)	ज्वर के साथ बेचैनी

प्रेक्षण :

जैसा कि देखा गया है औषध एलर्जी के मामलों में होम्योपैथिक दवाएं कारगर सिद्ध हुई हैं ।

भावी कार्यक्रम :

चालू अध्ययन जारी रहेंगे ।

1·2·3 रवल्वारता (एलोपेसिया एरियाटा)

प्रस्तावना

रवल्वाटता में सर्व साधारण रोग एलोपेसिया एरियाटा कुछ एक गहन बीमारियों का परिणाम है जो संभवत: अनेक कारणों से जैसे पैतृक, आटो इम्यूनिटी स्ट्रेस, संदूषण और भावुकता, पैदा होते है और उनके लक्षण बालों का कहीं कहीं पूर्ण रूप से समाप्त हो जाना है ।

एलोपेसिया एरियाटा (रवल्वारता) इलाज़ में होम्योपैथिक दवाओं के प्रभाव का पता लगाने के लिए परिषद ने 1978 में नयी दिल्ली स्थित क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान में अनुसंधान अध्ययन प्रारंभ किया था । यह अध्ययन सितम्बर, 1984 तक जारी रहा जब इसे अध्ययन कार्यक्रम से इसलिए निकाल दिया गया कि इस बीमारी के पर्याप्त संख्या में मामले उपलब्ध नहीं हो रहे थे ।

1984-85 से पूर्व किये गए कार्य का संक्षिप्त विवरण :

1978 से लेकर जब से इस समस्या का अध्ययन शुरू किया गया था, संस्थान में एलोपेसिया एरियाटा (रवल्वारता) के इक्कीस मामलों का अध्ययन किया गया था । इन मामलों का जिक्र सम्बद्ध वर्षों की वार्षिक रिपोर्टों में किया जा चुका है ।

वर्ष 1984-85 के दौरान उपलब्धियां :

वर्ष 1984-85 में एलोपेसिया एरियाटा (रवल्वारता) का कोई मामला अध्ययन के लिए दर्ज नहीं किया गया है । फिर भी उससे पहले दर्ज किये गए पांच मामलों पर अनुवर्ती कार्यवाही की गयी थी । इनमें से चार मामलों में रोगी नियमित रूप से इलाज नहीं करवाते रहे और एक मामला जिसमें रोगी नियमित रूप से इलाज करवाता रहा उसमें कोई सुधार नहीं हुआ ।

भावी कार्यक्रम

आलोच्य वर्ष में अनुसंधान योजना समाप्त कर दी गयी है ।

1·2·4 एमोविआसिस

शरीर में एंटएभीवाहिस्टो लिटिका का होना एमोविआसिस के लक्षण हैं चाहे नैदानिक तौर पर उससे बीमारी प्रकट होती हो या नहीं ।

(विश्व स्वा· सं· -- 1969)

एमोविआसिस रोग विश्वभर में फैला हुआ है और यह अनुमान है कि इससे विश्व की लगभग 10 प्रतिशत जनसंख्या प्रभावित है (विश्व स्वा· सं· 1969) एशिया और अफ्रीका में इसके फैलने की दर सबसे अधिक अर्थात् 30 प्रतिशत अथवा इससे भी अधिक जनता में यह रोग व्याप्त है । एशिया में सब से अधिक कुप्रभावित क्षेत्र हैं - बंगलादेश, वर्मा और भारत, विशेषकर उन भागों में जहां स्वच्छता बहुत कम है । कुपोषण के कारण भी एमोविआसिस के पैदा होने की अधिक संभावना होती है बल्कि वास्तव में कुपोषण के कारण यह रोग भयंकर बन जाता है ।

जब यह रोग नैदानिक तौर पर प्रादुर्भूत होता है तो इसके लक्षण पेट का खराब होना, टट्टी पतली, झागदार, फडफडाहट से आना अथवा बार बार दस्त आना जबकि यह जरूरी नहीं कि टट्टी में खून आए और अधिक आमपड़े नरमाई हो भी सकती है और नहीं भी और भयंकरता के मामलों में नरमी मौजूद रहती हैं । औसतन दिन में 8-10 टट्टियां जिनमें

पतली दद्दटी और कुछ पतली और गाढ़ी और पेट में बनावटी सूजन। नैदानिक लक्षण और चिन्ह कुछ दिन बने रह सकते हैं अथवा कभी तत्काल ही लुप्त भी हो सकते हैं। देश में एमोविआसिस रोग के अधिक प्रभाव को ध्यान में रखते हुए परिषद ने गोवाहाटी में रोग लाक्षणिक अनुसंधान एककों में। 1984-85 से लेकर। तिरूपति में। 1982-83 से। और उदुपी में। 1980 से। लेकर अनुसंधान अध्ययन शुरू किए हैं। इस का उद्देश्य इस विकार में होम्योपैथिक दवाओं के प्रभाव का मूल्याकन करना है।

1984-85 से पूर्व किये गए कार्य का संक्षिप्त विवरण :

योजना के प्रारंभ से एमोविआसिस के 287 मामले दर्ज हुए थे। इनके बारे में सूचना 1982-83 और 1983-84 की वार्षिक रिपोर्टों में दी गयी है।

वर्ष 1984-85 के दौरान उपलब्धियां :

वर्ष 1984 में एमोविआसिस के 91 मामलों, तीव्र एवं दीर्घावधिक दोनों का अध्ययन किया गया था। इन मामलों में केवल नीचे दी गयी होम्योपैथिक औषधियां ही प्रयोग की गयीं :-

आर्सेनिक अल्बम, कोलोसाइंथिस, मेगनेशियम फासफोरिकम, मरकूरियस कोरेसिव, मरकूरियस सोलुबिलिस, नक्स वोमिका, पलसेटिला निगरिकान्स और रहुस टोक्सिकोडेंड्रम :

- वेसिलिनियम। कोलोसिंथिस, मेगनेशियम फास्फोरिकय और नक्स वोमिका।
- मेडोरहोनम। आरसेनिकय एल्बम, पुलसेटिला और रहुस टोक्सिकोडेंड्रम।
- साइफलीनियम। मरकूरियस कोरोसिव तथा मरकूरियस सोलुबिलिस।

प्रेक्षण:

33 मामलों में जिनके इलाज की सूचना मिली है, बीमारी के सभी लक्षणों के लुप्त होने के प्रमाण मिले हैं और लक्षणों के लुप्त हो जाने के बाद उनके मल की जांच में एंटएमीवा हिस्टोलिटिका के कोई लक्षण नहीं मिले। इन तैतीस में से बीस मामलों में बीमारी का फिर दौरा नहीं पड़ा जबकि तेरह मामलों में बीमारी के फिर से होने के नैदानिक प्रमाण मिले हैं परन्तु उसकी सघनता कम थी।

भावी कार्यक्रम

ये अध्ययन जारी रखे जाने हैं। इस प्रयोजन के लिए इस समस्या से सम्बद्ध केन्द्र बिन्दु अर्थात् कलकत्ता स्थित केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं और अनुसंधान का व्यवहार तैयार किया गया है।

1.2.5 दण्डाणुज पेचिस। बेसिलारी डॉइसेंटरी

दण्डाणुज पेचिस आदमी के लिए एक भयंकर, स्वयं में केन्द्रित रोग है। इस के लक्षण बुखार और दस्त हैं जिसमें सामान्यत: पीक और खून भी आता है। यह रोग जीनस शिगेला के अवयवों के कारण उत्पन्न होता है। यह बीमारी उन जगहों पर आमतौर पर होती है जहां पर रोग से प्रभावित व्यक्तियों के चेहरों से अन्न और जल के प्रदूषण के लिए स्थानीय परिस्थितियां उपलब्ध हैं। यह रोग अत्यधिक संक्रामक हैं और प्रभावित व्यक्तियों, बिस्तर और कपड़ों आदि के संसर्ग से भी फैल सकता है।

दण्डाणुज पेचिस में होम्योपैथिक दवाओं के प्रभाव को पता लगाने के लिए परिषद् ने जून, 1984 में होम्योपैथिक रोग-लाक्षणिक अनुसंधान एकक गोहाटी में अध्ययन शुरु किया है।

इस योजना के अधीन 31.3.1985 तक दण्डाणुज पेचिस के 24 मामले दर्ज हुए हैं। इंगित होम्योपैथिक दवाओं के प्रयोग से अब तक प्राप्त परिणाम उत्साहवर्धक तो हैं पर अपर्याप्त हैं और इसलिए इसमें और सत्यापन करने की आवश्यकता है।

इस प्रयोजन के लिए बनाए गए अनुसंधान नयाचार के आधार पर इस योजना को जारी रखा गया है।

1.2.6 श्वसनी दमा

सारांश

वर्ष 1984-85 में श्वसनी दमा के 813 मामलों का अध्ययन परिषद् के अनुसंधान संस्थानों और एककों में किया गया था। लगभग 50 होम्योपैथिक औषधियां जो श्वसनी दमा में उपयोगी बतायी गयी हैं कारगर सिद्ध हुई हैं।

प्रस्तावना

श्वसनी दमा नैदानिक समष्टि है जिसके लक्षण श्वास के आने जाने में हवा की नली में रुकावट के रूप में प्रकट होते हैं। श्वसनी दमा का नैदानिक चित्र परिवर्तनीय बना रहता है क्योंकि सभी रोगियों में इसकी एक सी रचना नहीं देखी गयी है। नैदानिक तौर पर यह रोग आवेगी कष्टश्वास, खांसी और घर-घराहट के रूप में प्रकट होता है। प्रासंगिक रोग होने के कारण इसके लक्षण जैसे तीव्र श्वास कष्ट और श्वास रोध कभी कभी नहीं दिखायी देते हैं।

विश्व की लगभग 2.00 प्रतिशत जनता श्वसनी दमा रोग से पीड़ित हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् द्वारा किए गए अनुसंधान में यह इंगित किया गया है कि भारत की लगभग 1.00 प्रतिशत जनता दमा से पीड़ित है। दूसरी रिपोर्ट के अनुसार इस रोग से पीड़ित जनता का प्रतिशत इससे भी ऊंचा है अर्थात् शहरी क्षेत्र में 1.60 और देहाती क्षेत्रों में 2.70 प्रतिशत है।

यह सूचना मिली है कि होम्योपैथिक दवाओं से श्वसनी दमा का इलाज किया गया है। श्वसनी दमा में होम्योपैथिक दवाओं के प्रभाव की और जांच करने और मूल्यांकन करने के लिए परिषद् ने इसके मूल निकाय सी.सी.आर.आई.एम.एच. द्वारा इसकी स्थापना के बाद 1979 में शुरु की गयी अनुसंधान योजना को चालू रखा। अध्ययन निम्नलिखित संस्थानों और एककों में किये जा रहे हैं :-

- केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, कलकत्ता	1979-80 से लेकर
- क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान कोटयाम (सी.सी.आर.आई.एम.एच. के समय से जारी)	1974-75 - " -
- क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, गुदीबाड़ा (सी.सी.आर.आई.एम.एच. के समय से जारी)	1973-74 - " -
- क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नयी दिल्ली (सी.सी.आर.आई.एम.एच. के समय से जारी)	1972-73 -" -
- रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक, बम्बई	1979-80 - " -
- रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक, पटियाला	1979-80 -" -

1984-85 से पूर्व किए गए कार्य का संक्षिप्त विवरण :

श्वसनी दमा में अनुसंधान योजना लागू करने की तारीख से लेकर परिषद ने उन अनुसंधान संस्थानों और एककों में, जहां यह योजना लागू है, 9311 (1983-84 से 1426) मामले दर्ज किए हैं। प्राप्त परिणामों की सूचना परिषद की सम्बद्ध वार्षिक रिपोर्टों में दी जा चुकी है।

वर्ष 1984-85 के दौरान उपलब्धियां :

वर्ष 1984-85 के दौरान विभिन्न संस्थानों और एककों में श्वसनी दमा के 813 मामलों का अध्ययन किया गया था। परिणाम निम्नलिखित सारणी में दिए गए हैं :-

अधीत मामलों की कुल संख्या	पुरुष	स्त्री	उपचार के परिणाम: इलाज सम्पन्न	उल्लेखनीय राहत 75 प्रतिशत और अधिक	सामान्य सुधार 50-75 प्रतिशत	मामूली सुधार 25-50 प्रतिशत	कोई सुधार नहीं	हालत में बिगा
738	358	380	-	202	125	124	94	-

* रिपोर्ट तैयार करते समय ये मामले प्रेक्षणाधीन थे इसलिए उनकी प्रगति का मूल्यांकन नहीं किया गया है।

प्रेक्षण :

अब तक किए गए अध्ययनों से पता चलता है कि श्वसनी दमा के उपचार में होम्योपैथिक दवाओं की निश्चित भूमिका है। निम्नलिखित होम्योपैथिक दवाएं जो श्वसनी दमा के मामलों में प्रयोग में लायी जाती रही हैं जांच के अनुसार कारगर सिद्ध हुई है :-

अमोनियम कारबोनिकम, एंटिमोनियम आरसेनिकोसम, एंटिमोनियम टारटेरिकम, अरेलिया रासमोसा, आरसेनिकम अल्बम, आरसेनिकम आइओडाटम, ओरुम मुरिआटिकम, बेसिलीनम, बाड़ियागा, वारीटा कोबोरिकम, कलकेरिआ कार्बोनिकम, कार्बो वेजिटेविलिस, कास्टिकम चाइना आफिसिनालिस, कोनियम मैकुलेटम, कोर्टिसोनी, कुपरुम मेटालिकम, ड्रोसेरा रोटुंडि फोलिया, फेरम मेटालिकम, ग्रेफाइटस, आइपेकाकुआन्हा, काली बाइक्रोमिकम, काली कार्बोनिकम, काली आइ ओडाइड, काली निटरीकम, लाचेसिस, मेडोरहीनम, मरकूरियस सोलु विलिस, नेट्रम मुरिआटिकम, नेट्रम सल्क्यूरिकम, नक्स वोमिका, पोथौस, फासफोरस, पुलसेटिला, रुमेक्स, सेमबुकस निगरा, सेंग्वीनारिआ निटरीकम, स्पोंगिया टोस्टा, सलफर और टुबरकलिनम।

दमा के तीव्र दौरे में 30 सी एच और 200 सी एच क्षमता की आर्सेनिकम इओडाटम औषधियां अत्यन्त उपयोगी सिद्ध हुई है और इनके कारण क्रमश: 86·5 प्रतिशत और 100 प्रतिशत सुधार हुआ है। अध्ययन के दौरान इंगित औषधियों के प्रभाव को बढ़ाने अथवा पूरा करने के लिए

ट्युबरकुलिनम (1000 सी एम) को मध्यवर्ती उपचार के लिए इस्तेमाल किया गया था । यह औषधि विशेषकर यक्ष्मा पीड़ित परिवार के इतिहास वाले रोगियों के मामलों में मध्यवर्ती उपचार के रूप में उपयोगी सिद्ध हुई है ।

अमोनियम कार्बोनिकम, आंटिमोनियम टारटारिकम, आरसनिकम अल्बम, आरसेनिक इओडाटम, कल्केरिया कार्बोनिकम, कोबोविजिटेबिलिस, कुपरम मेटालिकम, फेरम मेटालिकम, इपेकाकुआना, काली कार्बोनिकम, लाकेसिस, नेट्रम मुरिआटिकम, नेट्रम सल्फ्यूरिकम, फासफोरस, पुलसेटिला, साम्बुकस निगरा स्पोंजिया और सल्फर के अनुसंधान परिणाम औपचारिक मूल्यांकन के अनुरूप देखें गए हैं जैसा कि प्रलेखन और सूचना प्रभाग के डाक्टर वी.पी. सिंह और विशाल चावला ने श्वसनी दमा के लिए तिमाही पत्र (बुलेटिन) में प्रकाशित संग्रह सूची में खण्ड 5 के पृष्ठ 5-12 (1983) में इन परिणामों को अत्यन्त कारगर सिद्ध किया है । (संग्रह सूची प्रलेखन और सूचना प्रभाग में तैयार की गयी थी)

भावी कार्यक्रम

वर्तमान अध्ययन जारी रखे जाएंगे ।

1.2.7 गर्भाशयग्रीवा अपरदन (सर्विकलइरोज़न)

सारांश :

केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, नयी दिल्ली में गर्भाशय ग्रीवा अपरदन के सैंतीस (37) (पिछले वर्ष दर्ज किए गए 14 मामलों सहित) रोगियों का अध्ययन किया गया था । इनमें से 19 रोगियों की हालत में अलग अलग प्रकार से सुधार हुआ । इस स्थिति में 15 होम्योपैथी दवाएं कारगर प्रमाणित हुईं ।

प्रस्तावना

गर्भाशय ग्रीवा अपरदन स्त्री रोग विज्ञान संबंधी स्थिति है जिसके लक्षण गर्भाशय ग्रीवा अंगों के आसपास शल्काम एपीथीलियम के स्थान पर स्तंभाकार एपीथीलियम का अधिक बढ़ जाना है ।

गर्भाशय ग्रीवा अपरदन में होम्योपैथिक दवाओं के असर का मूल्याकन करने के लिए परिषद् ने 1978 में क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, नयी दिल्ली में अनुसंधान अध्ययन शुरू किया था । शुरू में ग्रीवा संबंधी रोगों और ग्रैव जालिका क्षरण के लिए संयुक्त रूप से एक अध्ययन शुरू किया गया था । लेकिन 1981 में इन दोनों नैदानिक समस्याओं को पृथक कर दिया गया था और दोनों के लिए अलग- अलग अनुसंधान अध्ययन शुरू किए गए थे ।

1984-85 से पूर्व किये गए कार्य का संक्षिप्त विवरण :

अप्रैल, 1981 और मार्च, 1984 के बीच गर्भाशयग्रीवा अपरदन के ब्यालीस(42) मामले दर्ज किए गए थे। 1978 और मार्च, 1981 के बीच गर्भाशय ग्रीवा रोग/ गर्भाशय / ग्रीवा अपरदन की अनुसंधान योजना के अधीन दर्ज किए गए मामलों को शामिल नहीं किया गया क्योंकि उनका मूल्यांकन स्वतन्त्र रूप से किया जा सकता था।

इन मामलों की सूचना सम्बद्ध वार्षिक रिपोर्टों में दी जा चुकी है।

वर्ष 1984-85 के दौरान उपलब्धियां :

वर्ष 1984-85 के दौरान गर्भाशय अपरदन के सैंतीस(37) मामले दर्ज किये गए थे। इनमें पिछले वर्ष दर्ज किए गए 14 मामले भी शामिल हैं। इनमें से दो (2) मामलों में उल्लेखनीय सुधार, 6 में सामान्य सुधार और 11 में मामूली सुधार होने की सूचना मिली है। 10 रोगियों ने संस्थान में रिपोर्ट नहीं किया और 6 रोगी रिपोर्ट तैयार करते समय भी उपचाराधीन थे।

इन मामलों में से 4 मामलों में तकलीफ के काफी कम हो जाने की सूचना मिली है।

कारगर सिद्ध हुई होम्योपैथिक दवाएं :

नेट्रम म्युरियाटिकम(13) x, सेपिया(8), निटरिक एसिड(... लेकेसिस(3), कोनियम मेकुलेटम(2), लाइकोपोडियम(2), कलकेरिया कार्बोनिकम(1) और काली कार्बोनिकम(1) को अध्ययन के दौरान कारगर प्रमाणित हुई थीं।

-47-

अन्य औषधियां जो कम कम अथवा कभी कभार प्रयोग में लायी गयी थीं(रिपोर्ट के अनुसार) लेकिन प्रत्येक मामले में कारगर सिद्ध हुई वे हैं : अलोए सोकोटरीना, आर्निका मोंटाना, ब्राइओनिया अल्बा, केमोमिला, बेलिडोनियम माजस, इग्नेशिया और संटोनाइन।

यह देखा गया था कि 7 मामलों में अपरदन रूक गया था और योनी प्रस्राव, पेट के विकार और पीठ का दर्द क्रमश: 15, 2, और 12 मामलों में उल्लेखनीय तौर पर घट गया था।

अध्ययन जारी हैं।

भावी कार्यक्रम

चालू अध्ययन जारी रहेंगे।

---

x कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े उन रोगियों के हैं जिन के मामले में सम्बद्ध औषधी कारगर सिद्ध हुई है।

1.2.8 गर्भाशय ग्रीवा शोथ

सारांश:

आलोच्य वर्ष के दौरान गर्भाशय ग्रीवा शोथ के सत्ताइस रोगियों का अध्ययन किया गया था। इनमें से (16) सोलह रोगियों को विभिन्न कोटियों में राहत का अनुभव हुआ। होम्योपैथी में सात (7) दवाएं जिन्हें गर्भाशय ग्रीवा शोथ में प्रयोग के लिए निर्दिष्ट किया गया है उपयोगी प्रमाणित हुई हैं।

प्रस्तावना :

सभी स्त्री रोग विकारों में सर्वसाधारण रोग गर्भाशय ग्रीवा शोथ है और इससे कुल महिलाओं में से 50 प्रतिशत महिलाएं कभी कभी वयस्क जीवन में पीड़ित होती हैं। लम्बी अवधि का गर्भाशय ग्रीवा शोथ लगातार श्वेत प्रदर का आम कारण और बन्धयता, कृच्छ मैथुन, गर्भपात इसके मुख्य परिणाम होते हैं और कभी कभी यह गर्भाशय के कैंसर का कारण भी बन जाता है।

गर्भाशय ग्रीवा शोथ में होम्योपैथिक दवाओं के असर का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से परिषद ने गर्भाशय ग्रीवा शोथ/ गर्भाशय ग्रीवा अपरदन के रोगों में अनुसंधान करने के लिए 1978 में क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान दिल्ली में अध्ययन शुरू किया। बाद में 1981 में गर्भाशय ग्रीवा अपरदन के अध्ययन से गर्भाशय ग्रीवा शोथ के अध्ययन को अलग कर लिया गया था।

1984-85 से पूर्व किये गए कार्य का संक्षिप्त विवरण :

अप्रैल, 1981 और मार्च, 1984 के बीच गर्भाशय ग्रीवा शोथ के कुल मिलाकर 51 मामले दर्ज किए गए थे। इससे पहले गर्भाशय ग्रीवा अपरदन के मामलों के साथ दर्ज किए मामले इसमें शामिल नहीं हैं। इन मामलों का उल्लेख सम्बद्ध वर्षों की वार्षिक रिपोर्टों में कर दिया गया है।

दौरान वर्ष 1984-85 के उपलब्धियां:

वर्ष 1984-85 में पिछले वर्ष दर्ज किए गए 12 मामलों सहित सत्ताईस(27) मामलों का अध्ययन किया गया था। इनमें 8 मामलों में रोगियों ने उल्लेखनीय राहत का अनुभव किया, 4 ने साधारण राहत अनुभव की और अन्य चार को मामूली राहत मिली। सात रोगी इलाज के लिए नहीं आए और 3 मामलों में रिपोर्ट तैयार करते समय देख भाल जारी थी।

कारगर पायी गई होम्योपैथिक दवाएं :

नेट्रम मुरिआटिकम, (10) x, सेपिआ(5), पुलसेटिला(5), कलकेरिआ कार्बोनिकम(2), सल्फर(1), फास्फोरस(1) और लाइकोपोडियम(1).

आर्निका मोंटाना और मेगनेशियम फास्फोरिकम जिन्हें अक्सर इन बीमारियों में इंगित नहीं किया जाता है एक एक रोगी को दी गयी थीं और कारगर सिद्ध हुईं।

x कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े उन रोगियों की संख्या बताते हैं जिन्हें सम्बद्ध औषधी कारगर सिद्ध हुई।

रहुस टाक्सिकाडेण्ड्रम और नाइट्रिक एसिड के लिए मध्यवर्ती औषधियों के रूप में क्रमश: सल्फर और सिफिलीनम भी उपयोगी पायी गयी हैं ।

अध्ययन जारी रखा गया है ।

भावी कार्यक्रम :

चालू अध्ययन जारी रहेगी ।

1.2.9. घट्टा (कार्न)

सारांश

वर्ष 1984-85 में घट्टा (कार्न) के 11 मामलों का अध्ययन किया गया था । इनमें से छ: (6) में अलग- अलग कोटि में सुधार हुआ । सितम्बर, 1984 से इस योजना को समाप्त कर दिया गया है क्योंकि काफी अधिक संख्या में इसके रोगी उपलब्ध नहीं थे ।

प्रस्तावना:

घट्टा (कार्न) के लक्षण वाहरी त्वचा के मोटे हो जाने और उसमें दर्द होने से प्रादूर्भूत होते हैं जो चमड़े पर किसी चीज और प्रकार के दवाव के विना अथवा हड्डीनुमा अन्दरूनी उभार के कारण (आम तौर पर जैसे तलों में) होता है । किसी प्रकार के वाहरी दवाव को दूर करना संभव है जैसे तंग/ढीले जूतों के कारण पड़ने वाला दवाव लेकिन यदि घट्टा अन्दरूनी हड्डीनुमा उभार के कारण है तो इस असामान्य हड्डीनुमा उभार को दूर करने

के लिए कभी - कभी शल्य चिकित्सा आवश्यक हो जाती है । घट्टों (कार्नस) के इलाज में होम्योपैथिक दवाओं के प्रभाव का पता लगाने के लिए परिषद् ने 1978 में अनुसंधान अध्ययन शुरु किया था और यह अध्ययन क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान नयी दिल्ली पर शुरु किया गया था ।

चूंकि पिछले 6-7 वर्षों में घट्टों (कार्नस) के बहुत थोड़े मरीज दर्ज किये गये हैं और उनके इलाज से प्राप्त परिणामों से किसी प्रकार के निष्कर्ष निकालना सुविधाजनक नहीं हैं इसलिए घट्टों (कार्नस) के संबंध में अध्ययन को सितम्बर, 1984 से समाप्त कर दिया गया है ।

वर्ष 1984-85 से पूर्व किए गए कार्य का संक्षिप्त विवरण :

1981-82 और 1983-84 के बीच संस्थान द्वारा घट्टा (कार्न) के सतरह (17) मामले दर्ज किये गये थे । इनके वारे में सूचना सम्बद्ध वर्षों की वार्षिक रिपोर्टों में दी जा चुकी है ।

x 1981 से पूर्व घट्टा (कार्नस) का अध्ययन कील मस्सों के अध्ययन के साथ संयुक्त रूप से किया गया था ।

वर्ष 1984-85 के दौरान उपलब्धियां :

वर्ष 1984-85 में ग्यारह मामलों, जिनमें पहले के वर्षों में दर्ज किये गए 8 पुराने रोगी भी थे, का अध्ययन किया गया था। इनमें से तीन मामलों में उल्लेखनीय सुधार हुआ, 3 रोगियों ने सामान्य सुधार का अनुभव किया और बाकी 5 रोगी एक या दो बार आने के बाद इलाज के लिए नहीं लौटे और इसलिए उन्हें अध्ययन कार्यक्रम से निकाल दिया गया।

कारगर पायी गयी होम्योपैथी दवाएं:

एंटिमोनियम क्रूडम (3 मामले) और पुल्से टिला (1)।

भावी कार्यक्रम

अनुसंधान योजना सितम्बर, 1984 से समाप्त कर दी गयी है।

सारांश

1.2.10. मधुमेह मेलिटस (मधुवाद)

मधुमेह मेलिटस के 17 (सतरह) रोगियों का अध्ययन किया गया था। सभी के रोग लक्षणों में सुधार हुआ है। आठ होम्योपैथिक दवाएं रोगलाक्षणिक राहत प्रदान करने में कारगर पायी गयी हैं।

प्रस्तावना

मधुमेह मेलिटस रोग अतिशर्करारक्तता की स्थिति में उदभासित होते हैं जो इन्सोलीन की कमी अथवा इन्सोलीन की प्रभावोत्पादकता में कमी होने के कारण पैदा होता है। यह बीमारी दीर्घावधिक स्वरूप की है और कार्बोहाइड्रेट्स के अपचयन, प्रोटीन, वसा, जल और इलैक्टोलाइट्स पर कुप्रभाव डालती है। उपापचयन की अनियमितता के साथ-साथ आम तौर पर शरीर की कोशिकाओं में विशेषकर वाहिका तंत्र में क्रियात्मक और संघटनात्मक परिवर्तन भी हो जाते हैं। भारत की लगभग 2 प्रतिशत जनसंख्या के मधुमेह मेलिटस से पीड़ित होने की सूचना है।

मधुमेह मेलिटस में होम्योपैथिक दवाओं के प्रभाव का पता लगाने के लिए परिषद् ने कलकत्ता स्थित केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान में (1977-78) में और कोट्टयाम में (1974) में एक अनुसंधान अध्ययन शुरू किया था।

1984-85 के पूर्व किए गए कार्य का संक्षिप्त विवरण :

1984-85 से पूर्व मधुमेह मेलिटस के कुल 334 रोगियों का अध्ययन किया गया था। इन रोगियों के बारे में उल्लेख पहले ही किया जा चुका है।

वर्ष 1984-85 के दौरान उपलब्धियां :

वर्ष के दौरान मधुमेह मेलिटस के सतरह (17) रोगियों का अध्ययन किया गया था। इन सभी मामलों में रोगग्रस्तता

की स्थिति में तथा सम्बद्ध शिकायतों में लाक्षणिक सुधार हुआ है ।

कारगर सिद्ध हुई होम्योपैथिक दवाएं :

एसिड लेक्टिक 200; सेफालेण्ड्रा इण्डिका 200; इन्सुलीन 30; लेकेसिस30; नेट्रम म्यूरिआटिकम 200; रहुस अरोमेटिका 30; रहुस टोक्सिकोडेंड्रम 30 और यूरेनियम निटरिकम 30 ·

1·2·11· पेचिस

सारांश

वर्ष 1984-85 के दौरान पेचिस के पैसठ रोगियों का अध्ययन किया गया था । इनमें से 49 का उपचार कर लिया गया था, 10 मामलों में उल्लेखनीय सुधार हुआ और 6 मामलों में कोई राहत नहीं मिली । होम्योपैथी की 15 औषधियां कारगर पायी गयी हैं ।

प्रस्तावना

पेचिस सहित आमाशयान्त्र विकारों में होम्योपैथिक दवाएं अत्यन्त उपयोगी बतायी गयी हैं । चूंकि पेचिस अण्डमान निकोबार में आम बीमारी है इसलिए वर्ष 1980 में पोर्ट ब्लेयर स्थित रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक में इस पर अध्ययन शुरू किया गया था ।

वर्ष 1984-85 से पूर्व किए गए कार्य का संक्षिप्त विवरण :

1984-85 से पूर्व पेचिस के 336 मामलों का अध्ययन रोग लाक्षणिक अनुसंधान एकक, पोर्ट ब्लेअर में किया गया था । इन मामलों के बारे में सम्बद्ध वर्षों की वार्षिक रिपोर्टों में पहले ही उल्लेख किया जा चुका है ।

वर्ष 1984-85 के दौरान उपलब्धियां :

वर्ष 1984-85 के दौरान पेचिस के 65 मामलों का अध्ययन किया गया था । प्राप्त परिणामों की सूचना नीचे सारणी में दी गयी है :-

रोगियों की कुल संख्या	जिनका इलाज किया गया	सुधार उल्लेखनीय	सामान्य	मामूली	कोई सुधार नहीं	बिगाड़	छोड़ दिए गए
65	49	10	-	-	6	-	-

कारगर पायी गयी होम्योपैथी दवाएं :

मरकूरिअस सोलुबिलिस (36), अतिस्ताइडिका (34), नक्सवोमिका (31), मेगनेशियम फास्फोरिकम (23), मरकूरिअस कोरोसिव (14), इपेका कुआन्हा (11), फेरमफास्फोरिकम 6x (10), चाइना आफिसिनालिस (8), आर्सेनिकम अल्बम (6), पोडोफाइलम (6), नेट्रम फास्फोरिकम (5), हपापेलिअ (4), लाइकोपोडियम (2) और एलोसोकोट्रिना (1) ·

भावी कार्यक्रम

वर्तमान अध्ययन निर्धारित न्याचार के आधार पर चालू रहेंगे ।

1.2.12. चर्म रोग (एग्जीमा)

सारांश :

वर्ष 1984-85 के दौरान रोग लाक्षणिक अनुसंधान एकक पटियाला में चर्म रोग के बत्तीस मामलों का अध्ययन किया गया था । इनमें सात रोगियों का इलाज कर लिया गया है और 6 रोगियों की बीमारी की हालत में मामूली से उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया । चर्म रोग में ग्यारह होम्योपैथिक दवाएं प्रभावकारी बतायी गयी हैं ।

प्रस्तावना:

चर्म रोग चमड़े की गैर- संक्रामक जलन है और इसके लक्षण त्वकरक्तिमा, पर्पटी जमना, शोफ, जख्म बनना और रिसना हैं।यह रोग विशिष्ट प्रकार का एलर्जिक घावकारी प्रतिजन प्रतिपिंड प्रतिक्रिया जन्य चर्म रोग है । इसमें खुजली अलग- अलग मामलों में अलग- अलग कभी कम और कभी गंभीर होती है तथा कभी -कभी इसके कारण काम और नींद में बाधा भी पड़ती है ।

भारत में चर्म रोग अती साधारण रोगलाक्षणिक समस्या है । यह रोग सभी दाद रोगों का अलग 30 प्रतिशत है और व्यवहार में आने वाली सभी चिकित्सा संबंधी समस्याओं का 2-3 प्रतिशत है ।

चर्म रोग में विशेष प्रभावी बतायी गयी होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से परिषद् ने रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक पटियाला में 1979 में चर्म रोग पर अनुसंधान शुरू किया था जो अब तक जारी है ।

1984-85 से पूर्व किए गए कार्य का संक्षिप्त विवरण :

रिपोर्ट वर्ष से पूर्व रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक, पटियाला में चर्म रोग के 183 रोगियों का अध्ययन किया गया था । इनके बारे में सूचना सम्बद्ध वर्षों की वार्षिक रिपोर्ट में दी जा चुकी है ।

वर्ष 1984-85 के दौरान उपलब्धियां :

वर्ष 1984-85 के दौरा अनुसंधान अध्ययन के लिए चर्म रोग के बत्तीस (32) मामले दर्ज किए गए हैं । रिपोर्ट के अनुसार इनमें 7 रोगियों का इलाज़ हो गया है, 6 के मामलों में विभिन्न स्तर का सुधार होने की सूचना मिली है, । मामले में बिल्कुल सुधार नहीं हुआ । किसी मामले में स्थिति में बिगाड़ नहीं हुआ, । 13 मामलों को अध्ययन कार्यक्रम से निकाल दिया गया और रिपोर्ट तैयार करते समय 5 मामले प्रेक्षणाधीन थे ।

कारगर पायी गयी होम्योपैथिक औषधियां :

एंटिमोनियम क्रूडम, ग्रेफाइटस, लाइकोपोडियम, निट्रिक एसिड, पेट्रोलियम सोरिनम, रहुस, टोक्सिकोडेंड्रम, सिलीसिया, सल्फर, सिफिलीनम और टुबरकुलिनम ।

यह भी देखा गया कि सोरिनम के बाद रहुस टोक्सिकोडेंड्रम; सिलीसिया और लाइकोपोडियम के बाद सल्फर; निट्रिक एसिड के बाद पैट्रोलियम; सल्फर और नेट्रम मुरिआटिकम के बाद एप्पिस मेलिफिका और सल्फर तथा रहुस टोक्सिकोडेंड्रम के बाद ग्रेफाइट विशेष प्रभावकारी सिद्ध हुई है ।

ये निष्कर्ष उपलब्ध आंकडों के अनुरूप हैं ।

भावी कार्यक्रम :

वर्तमान अध्ययन जारी रखे जाएंगे ।

1.2.13 मिरगी

सारांश

वर्ष 1984-85 के दौरान कोट्टयाम के केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान के अन्तरंग रोगी विभाग तथा चलते फिरते रोगी लाक्षणिक अनुसंधान एकक में मिरगी के क्रमशः चार(4) और 113 मामलों का अध्ययन किया गया था । 4 रोगियों में से जिन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था दो(2) रोगियों की हालत में होम्योपैथिक उपचार के अधीन उल्लेखनीय सुधार हुआ । दो अन्य मामलों में से एक की हालत में सुधार हो रहा है जबकि शेष एक मामले में कोई सुधार नहीं हुआ ।

प्रस्तावना:

मिरगी अपने आप में कोई बीमारी नहीं है । बल्कि यह एक असाधारण लक्षण है जो नीचे लिखी किसी एक अथवा उससे अधिक परिस्थितियों के कारण हो सकती है :-

1. जन्मजात तंत्रिकाजन्य दुष्क्रिया
2. विकृत अपचयन तंत्र, और
3. ढांचागत मस्तिक रोग ।

मिरगी के विशेष लक्षण समय - समय पर और बार-बार ऐंठन के साथ दौरे पड़ना है जो सामान्यतः घटना मानी जा सकती है । मिरगी के दौरे विभिन्न किस्मों के हो सकते हैं, जैसे थोड़े समय के लिए होश समाप्त हो जाना और होश खोजाने के साथ गंभीर ऐंठन होना/झटके आना/कुछ मिरगी के रोगियों को परिस्थिति विशेष में शारीरिक संवेदना जैसे गन्ध का अनुभव होता है ।

सही आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं लेकिन विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि मिरगी के फैलने की दर लगभग 0.5 प्रतिशत अथवा 1,00,000 में से 500 रोगी हैं । यह रोग स्त्रियों की अपेक्षा पुरुषों में कुछ अधिक(लगभग 10.8) फैला हुआ है । 70 प्रतिशत से अधिक रोगियों को मिरगी का पहला दौरा 20 वर्ष की अवस्था से पहले पड़ा है ।

मिरगी के विभिन्न किस्म के विकारों में होम्योपैथी की औषधियां कारगर सिद्ध होने की सूचना है । इसलिए, रिकार्ड किए गए आंकड़ों के नैदानिक सत्यापन के लिए परिषद ने 1980 में कोट्टयाम स्थित केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान में एक अध्ययन शुरू किया था ।

अब तक किए गए कार्य का संक्षिप्त विवरण :

1984-85 से पूर्व मिरगी के कुल 102 मामले दर्ज किए गए थे। इन के बारे में सूचना सम्बद्ध वर्षों की वार्षिक रिपोर्टों में दी जा चुकी है।

इसके अलावा संस्थान द्वारा चलाए गए चल रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक ने मिरगी के 113 मामलों, जिनमें 32 नये मामले शामिल हैं, का अध्ययन किया। इन मामलों के अध्ययन से प्राप्त परिणामों पर आगे कार्यवाही और विश्लेषण रिपोर्ट तैयार करते समय तक नहीं किया था क्योंकि ये सभी मामले तब तक उपचाराधीन और प्रेक्षणाधीन थे।

भावी कार्यक्रम:

चालू अध्ययन इस प्रयोजन के लिए तैयार किए गए अनुसंधान न्यायचार के आधार पर जारी रखे जाएंगे।

1.2.14. फीलपांव (फिलेरिआ)

सारांश :

वर्ष 1984-85 के दौरान फीलपांव के 375 मामलों का अध्ययन किया गया। इन में से 1 का इलाज़ कर लिए जाने की सूचना है, 35 मामलों में उल्लेखनीय सुधार, 108 मामलों में सामान्य सुधार, 99 मामलों में मामूली सुधार का अनुभव होने की सूचना है। 36 मामलों में कोई सुधार नहीं हुआ और 8 रोगियों की दशा बिगड़ गयी और 88 मामलों को अध्ययन के दौरान छोड़ दिया गया। इनमें 214 मामले जिनमें सुधार होने की सूचना मिली है तब तक प्रेक्षणाधीन थे।

प्रस्तावना:

फीलपांव संबंधी रोग भी राष्ट्रीय स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण रोगलाक्षणिक समस्या है क्योंकि यह एक व्यापक कृमिजन्य प्रदूषण है जो देश के विभिन्न भागों में, विशेषकर उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों और आंध्र प्रदेश के कुछ भागों में आम है।

फीलपांव रोग के लक्षण लसीका ग्रंथियों और वाहिकाओं की सूजन और साथ में ज्वर होना है। इसमें अंगों की लसीकाएं अधिक प्रभावित होती हैं और अण्डकोश और अंगों का त्वचा-शोथ इस के आम लक्षण हैं।

फीलपांव के सुरक्षित और रोगहर उपचार के अनुसंधान और विकास के महत्व को ध्यान में रखते हुए परिषद् ने निम्नलिखित एककों में अनुसंधान योजना शुरू की है :-

1. रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक, भुवनेश्वर - 1979
2. रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक, पुरी- 1980
3. रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक, तिरुपति - 1980
4. क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, गुडिवाड़ा - अक्टूबर, 1984

1984-85 से पूर्व किये गए कार्य का संक्षिप्त विवरण :

1984-85 से पूर्व फीलपांव के कुल मिलाकर 2,761 मामलों का अध्ययन किया गया था । प्राप्त परिणामों को पहले ही सम्बद्ध वार्षिक रिपोर्टों में उल्लिखित कर दिया गया है ।

वर्ष 1984-85 की उपलब्धियां :

रिपोर्ट वर्ष के दौरान फीलपावं संबंधि बीमारियों के 1983 मामलों ﴾ 335 पुराने मामलों सहित﴿ का अध्ययन किया गया था । परिणाम नीचे की सारणी में दिए गए हैं :-

रोगियों की कुल संख्या	जिनका इलाज़ किया गया	सुधार: उल्लिखित	सुधार: सामान्य	सुधार: मामूली	कोई सुधार नहीं	बिगाड़	निकाले गए
1283	4*	24	341	608**	36	8	822

* इनमें 3 पुराने रोगी शामिल हैं ।
** इनमें से 214 रोगी जिनकी हालत में सुधार की सूचना मिली है रिपोर्ट तैयार करते समय तक प्रेक्षणाधीन थे ।

होम्योपैथी दवाएं जो कारगर पायी गयीं :

अध्ययन के दौरान निम्नलिखित होम्योपैथिक औषधियां कारगर पायी गयी थीं :-

रहुस टाक्सिकोडेंड्रम﴾231﴿, ब्राइओनिआ अल्बा﴾180﴿, एपिस मेलिफिका﴾98﴿, सल्फर﴾29﴿, रहोडोडेंड्रम﴾27﴿, नेट्रम मुरिआटिकम﴾17﴿, लाइकोपोडियम﴾15﴿, आर्निका मोंटाना﴾11﴿, पुलसेटिला﴾11﴿, फास्फोरस﴾8﴿, और कलकेरिआफलोरिकम 6 x ﴾8﴿, मेडोरहिनम, टुबरकुलीनम, बेसिलीनम और सोरिनम मध्यवर्ती औषधियों के रूप में कारगर पायी गयी थीं ।

1984 में खजुराओं में फीलपावं बीमारियों पर हुई गोष्ठी में निदेशक द्वारा फीलपावं संबंधी बीमारियों पर एक पत्र प्रस्तुत किया गया था । रहुस टमेक्सिकोडेंड्रम, ब्रारओनिआ अल्बा और एपिस मेलिफिका के संबंध में परिषद् के निष्कर्षों को गोष्ठी में भाग लेने वालों और फीलपावं रोगों में अनुसंधान कार्य में संलग्न वैज्ञानिकों ने प्रमाणित किया था ।

भावी कार्यक्रम :

इस रोगलाक्षणिक समस्या के लिए तैयार किए गए नयाचार के आधार पर चालू अध्ययन जारी रहेंगे ।

1.2.15 आमाशयांत्र शोथ

सारांश :

तिरुपति और गोहाटी स्थित रोगलाक्षणिक अनुसंधान एककों में आमाशयांत्र शोथ के इक्यासी(81) रोगियों का अध्ययन किया गया था । इनमें से अठतीस रोगियों के इलाज़ कर लिये जाने की सूचना है, 13 को अध्ययन कार्यक्रम से निकाल दिया गया है और 30 रोगी रिपोर्ट तैयार करते समय भी प्रेक्षणाधीन थे । अध्ययन के दौरान होम्योपैथी की छः दवाएं कारगर पायी गयी थीं ।

प्रस्तावना:

पाचन नली की श्लेष्मल लाइनिंग का गंभीर रूप से सूज जाना आमाशयांत्र शोथ कहा जाता है । यह प्रायः गंभीर स्वरूप का रोग है और इसके लक्षण अत्यधिक उल्टियां और दस्त होने के साथ पेट और निस्तानिका में दर्द होना है । अक्सर इसके साथ ज्वर भी होता है ।

इस परिस्थिति में होम्योपैथी की बहुत सी दवाएं कारगर बतायी गयी हैं । इसलिए परिषद ने विधिवत रूप से अभिलिखित आंकड़ों का सत्यापन करने के लिए रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक, तिरुपति में (1982-83) और गोहाटी में (1984-85) में आमाशयांत्र शोथ में अनुसंधान प्रारंभ किया है ।

1984-85 से पूर्व किये गए कार्य का संक्षिप्त विवरण :

तिरुपति स्थित अनुसंधान एकक ने आमाशयांत्र शोथ के 110 मामलों का अध्ययन किया है जिनका जिक्र सम्बद्ध वार्षिक रिपोर्टों में कर दिया गया है । गौहाटी स्थित एकक ने आमाशयांत्र शोथ में अनुसंधान कार्य केवल 1984-85 में ही शुरू किया है । चूंकि यह विकार तीव्र स्वरूप का होता है इसलिए इन मामलों में लम्बी अवधि के लिए इलाज़ जारी रखना अपेक्षित नहीं होता है ।

वर्ष 1984-85 के दौरान उपलब्धियां :

वर्ष 1984-85 के दौरान तिरुपति और गोहाटी स्थित अनुसंधान एककों में आमाशयांत्र शोथ के क्रमशः 51 और 30 मामलों का अध्ययन किया गया था । इनमें 38 रोगी पूर्णतः स्वस्थ हो गए, 13 व्यक्तियों ने इलाज़ जारी नहीं रखा और रिपोर्ट तैयार करते समय तक 30 रोगी प्रेक्षणाधीन थे ।

कारगर पायी गयी होम्योपैथिक औषधियां :

छः होम्योपैथिक औषधियां अर्थात् ऐथुसा, आर्सेनिकम अल्बम, केमोमिल्ला, चाइना आफिसिया नीलीस, इपेकाकुआन्ह और पोडोफाइलम का 30 सी.एच. क्षमता में प्रयोग करने पर ये औषधियां कारगर पायी गयीं ।

प्रेक्षण

जिन रोगियों के इलाज़ कर लिए जाने की सूचना मिली थी उन्हें दूसरी बार तकलीफ होने की सूचना नहीं मिली । इलाज़ 2-4 दिनों में कर लिया गया था ।

भावी कार्यक्रम :

चालू अध्ययन जारी रहेंगे ।

1·2·16 गाउट

सारांश:

आलोच्य वर्ष के दौरान केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, कलकत्ता में गाउट के 10 मामलों का अध्ययन किया गया था । इनमें से एक का इलाज किया गया है और पांच अन्य मामलों में विभिन्न स्तर पर सुधार अनुभव किया गया । अध्ययन के दौरान छः होम्योपैथी दवाएं उपयोगी पायी गयी हैं ।

प्रस्तावना:

गउट चयापचमी विकास हैं जिसका आभास शरीर के हाई-परयूरिकेमिक तरलों से मोनोसोडियम यूरेट मोनोहाइड्रेट के अणुओं के उतक निक्षेपण से पैदा होने वाले लक्षणों और चिन्हों से होता है । इस के नैदानिक प्रादुर्भाव में तीव्र सूजन के साथ जोड़ों की दर्दें, टेनन्श्लेष्क कलाशोथ, श्लेषपुरी शोथ, अथवा संयोजक उतिशोथ, दीर्घावधिक, अपरदात्मक विरूपी अस्थि संधिशोथ और उसके साथ परिसंधि और अवत्वक यूरेट निक्षेप ; एसिड पी एच के स्तर पर मूत्र से मूत्राम्लक के क्रिस्टलों के निक्षेप के कारण वृक्काश्मरता और मूत्राश्यरता होना और दीर्घावधिक वृक्का रोग एवं उक्त रक्त चाप शामिल हैं ।

यह रोग औरतों की अपेक्षा मर्दों में अधिक व्याप्त है । इसका पहला दौरा आम तौर पर 30 और 60 वर्ष की अवस्था के बीच पड़ता है ।

गउट में होम्योपैथिक दवाओं के प्रभाव का पता लगाने के लिए परिषद ने 1981 में केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान एकक, कलकत्ता में अनुसंधान अध्ययन शुरु किया ।

1984-85 के पूर्व किये गए कार्य का संक्षिप्त विवरण :

गउट के 11 मामलों का अध्ययन किया गया था । अध्ययन परिणामों का उल्लेख सम्बद्ध वार्षिक रिपोर्टों में किया जा चुका है ।

वर्ष 1984-85 के दौरान उपलब्धियां :

आलोच्य वर्ष के दौरान गउट के दस मामलों का अध्ययन किया गया था । इनमें से 1 का इलाज हो चुका है, 1 रोगी की हालत में उल्लेखनीय सुधार हुआ और 3 रोगियों के मामले में सामान्य सुधार एवं 1 को मामूली सुधार का अनुभव हुआ । 4 रोगी अनुवर्ती इलाज के लिए नहीं आए । इन मामलों में कारगर पायी गयी होम्योपैथिक औषधियां निम्नलिखित हैं :-

कारगर पायी गयी होम्योपैथिक औषधियां :

केवल 1 रोगी जिसका इलाज पूरा हो गया था उसे 30 सी एच, 200 सी· एच और 1000 सी एच क्षमता की औषधी आर्निका मोंटाना दी गयी थी । अन्य पांच रोगी जिनकी हालत में सुधार/थोड़ी राहत का अनुभव हुआ उन्हें क्रमशः बेलाडोना (30 सी एच, 200 सी एच, और 1000 सी एच), ब्राइओनिया अल्बा (30 सी एच, 200 सी एच और 1000 सी एच), कालसिकम आटमनेल (30 सी एच, 200 सी एच और 1000 सी एच), लीथियम कार्बोनिकम (30 सी एच, 200 सी·एच और 1000 सी·एच) तथा रहुस टाक्सिकोडेंड्रम (1 एम और 10 एम·) दवाइयां दी गयी थी । ये औषधियां उन रोगियों में देखे गए मुख्य रोग लक्षणों के आधार उन्हें निर्दिष्ट की गयी थीं ।

भावी कार्यक्रम

चालू अध्ययन जारी रखे जाएंगे ।

1·2·17 मलेरिया

सारांश:

रिपोर्ट वर्ष के दौरान मलेरिया के अट्ठानवे मामलों, 1 पुराने मामले सहित, का अध्ययन किया गया था । इनमें से तैंतालीस रोगियों का इलाज कर लिया गया था, 26 की हालत में विभिन्न कोटि का सुधार अनुभव किया गया, 7 रोगियों को किसी प्रकार की राहत का अनुभव नहीं हुआ और शेष 22 रोगियों की हालत में या तो सुधार की दृष्टि से या बीमारी की पुनरावृत्ति की दृष्टि से प्रेक्षण किया जा रहा था ।

प्रस्तावना:

मलेरिया राष्ट्रीय स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण रोगलाक्षणिक समस्या है और यह रोग ऊष्मकटिबंधीय देशों में आम है ।

प्लैज्मोडियम फाल्सिपैरम, प्लैज्मोडिय वाइवैक्स, प्लैज्मोडियम ओवेल, प्लैज्मोडियम मलेरिया के प्रदूषण एवं कभी कभार अन्य कारणों से किसी व्यक्ति को मलेरिया हो जाता है । यह पैरासाइटिक प्रदूषण मलेरिया से पीड़ित किसी व्यक्ति के संसर्ग से और मलेरिया जीवाणु युक्त मच्छरों के कारण तथा मच्छरों में मलेरिया के जीवाणु पैदा करने वाले तापमान और हुमश की परिस्थितियों में भी पैदा होता है । मलेरिया के जीवाणु प्रदूषित एकाधान अथवा टीके लगाने से भी मलेरिया का संचार किया जा सकता है ।

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मलेरिया की रोकथाम और अधिक प्रभावपूर्ण उपचार के लिए प्रायोजित अभियान के परिणाम स्वरूप मलेरिया का प्रकोप काफी अधिक घट गया है परन्तु पूर्ण उन्मूलन अभी भी भ्रम मात्र है । मलेरिया के सुरक्षित और रोगहर उपचार के अनुसंधान और विकास के महत्व को ध्यान में रखते हुए परिषद् ने 1979 और 1980 में क्रमश: निम्नलिखित स्थानों पर अनुसंधान योजना शुरू की थी ।

1· रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक, जयपुर, 1979

2· रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक, पोर्टब्लेयर, 1980

3· रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक, भुवनेश्वर, 1980

4· रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक, पुरी, 1980

1984-85 से पूर्व किये गए कार्य का संक्षिप्त विवरण :

उपर्युक्त एककों में 1984-85 से पूर्व मलेरिया के कुल 378 रोगियों का अध्ययन किया गया था । प्राप्त परिणामों का उल्लेख सम्बद्ध वर्षों की वार्षिक रिपोर्टों में किया जा चुका है ।

कारगर पायी गयी होम्योपैथिक औषधियां:

होम्योपैथी दवाएं जो कारगर पायी गयी थीं वे हैं :-

जेंटिआना चिराटरा ×(42)××, आर्सेनिकम अल्बम(22), बाइटेक्सनेगुंडा× फेरम फास्फोरिकम(22), चिनिनम आर्सेनिकोसम(19), चिनिनम (18), सिंकोना आफिसिनालिस(10), पुलसेटिला(8), नक्स वोमिका(3), सल्फन्यूरिकम(5), ब्राइओनिया अल्बा(3), बेल्लाडोना(2) और रहुस टाक्सिकोडेंड्रम(2)

× ये भारत में बनी नयी होम्योपैथिक दवाएं हैं ।

×× कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े उन रोगियों के हैं जिनके लिए सम्बद्ध औषधियां कारगर पायी गयी थीं ।

जेंटिआना चिराता टिंचर के रूप में और फेरम फास्फोरिकम 6 x पीस कर दी गयी थीं ।

भावी कार्यक्रम

इस समस्या के लिए बनाये गए न्यादार के आधार पर चालू अध्ययन जारी रखे जाएंगे ।

1·2·18 दुर्दभ रोग

सारांश:

विभिन्न भागों/अंगों के दुर्दभ रोगों के आठ मामलों को इसकाडर चिकित्सा द्वारा अध्ययन किया गया था और होम्योपैथिक दवाएं इंगित की गयी थीं । चार रोगी इसकाडर चिकित्सा में रखे गए और उन्हें होम्योपैथिक दवाएं दी जाती रहीं । इनमें से तीन की हालत में सुधार हुआ है । तीन रोगियों को केवल होम्योपैथिक दवाओं पर रखा गया था और उनकी हालत में कोई सुधार नहीं देखा गया । एक रोगी को केवल इसकाडर चिकित्सा पर रखा गया था और उनकी हालत में बहुत सुधार देखा गया है ।

प्रस्तावना:

आजकल के समय में दुर्दभ रोग मृत्युदर में बढ़ौतरी का मुख्य कारण बन गए हैं । यद्यपि हाल में दुर्दभ बीमारियों के प्रादुर्भाव का मैकेनिज़्म तथा दुदर्भ्यता के रोगविज्ञान संबंधी एवं नैदानिक लक्षण स्पष्ट हो चुके हैं फिर भी दुदर्भ्यता के

निश्चित कारण अभी तक अस्पष्ट हैं । लेकिन, विभिन्न कारण जैसे आनुवंशिक, पर्यावरण संबंधी, खानपान की आदतें, दवाइयों का सेवन, कुछ रसायनों आदि से सम्पर्क आदि कुछ एक कारण अलग-अलग अथवा सामूहिक रूप से ऐसे अंशदायी कारण माने जाने लगे हैं जिनका प्रभाव मानव मात्र पर कर्कट रोग जनन में पड़ सकता है । लाखों डालर इस रोग को भली प्रकार से समझने और उसके लिए रोगहर उपचार ढूंढने के लिए खर्च किए जा रहे हैं ।

कर्कट रोग में अनुसंधान के लिए इस समय जो महत्व दिया जा रहा है उसको ध्यान में रखते हुए, परिषद् ने क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान एकक, नयी दिल्ली में और बम्बई स्थित रोग-लाक्षणिक अनुसंधान एकक में 1984-85 में दुर्दभ बीमारियों में अनुसंधान अध्ययन शुरू किया है ।

वर्ष 1984-85 के दौरान उपलब्धियां :

आलोच्य वर्ष में क्षेत्रीय अनुसंधान एकक, नयी दिल्ली में दुर्दभ रोगों के आठ मामले अनुसंधान अध्ययन के लिए दर्ज किये गए हैं । रिपोर्ट तैयार करते समय तक बम्बई स्थित अनुसंधान एकक के पास दुर्दभ रोगों का एक भी मामला दर्ज नहीं हुआ था । इन मामलों का विवरण निम्नलिखित है :-

मूत्राशय	1 मामला
स्वर यंत्र	2 मामले
छाती का केंसर	1 मामला
भग की श्वेत शल्कता	1 मामला

गर्भाशयग्रीवा केंसर | 1 मामला
योनी का केंसर | 1 मामला
दुर्दभ्य लिम्फोमा | 1 मामला

इसकाडर नाम की एक औषधी जो विस्कम अल्बम के सम्पूर्ण पौधे के संकर्षण से तैयार की गयी है को भी अध्ययन कार्यक्रम में, इंगित होम्योपैथिक औषधियों के साथ, सम्मिलित किया गया था । ब्यौरा इस प्रकार है :

किया गया उपचार	रोगियों की संख्या	जिन मामलों में कारगर पायी गयी उनकी संख्या
रोग के लक्षणों के आधार पर होम्योपैथिक औषधियों के साथ इसकाडर	4	3
इंगित होम्योपैथिक औषधियां इसकाडर चिकित्सा	3	–
होम्योपैथिक दवाएं (इंगित)	1	1

एपिस मेलिफिका 30(1), आर्सेनिकम अल्बम 30(1) ब्राइओनिया अल्बा 6, 1 एम(2), कलकेरिया कार्बोनिकम 30(1) 200(1); एग्रीगेसन (1) नेफालियम, 30(1) इरिसवर्सिकलर एम (1), क्रीयासोटम 6(1), लाइकोपोडियम क्लेवाटम । एम 30(1), नेट्रम कार्बोनिकम 200(1), प्लाटिना 200(1), फाइटोलेक्का और सल्फर 30(1), पुलसेटिला 30(1), साग्विनारिया कैंडेसिज़ 200(1),

बरबेरिस डिकाक्टम डी 3 और सेल्साइट डी एस भी साथ के रोग लक्षणों में राहत प्रदान करने के लिए अनुपूरक औषधियों के रूप में इसकेडर के साथ साथ दी जाती रहीं ।

प्रेक्षण :

अब तक प्राप्त परिणामों से यह पता चलता है कि इस काडर चिकित्सा और इंगित होम्योपैथिक औषधियों को जब साथ साथ दिया जाता है तो दुर्दभ रोगों के मामलों में उनका इच्छा परिणाम निकलता है । यह एक अच्छी प्रवृत्ति है तथा और अधिक मामलों के अध्ययन से इसकी पुष्टि हो जाएगी ।

भावी कार्यक्रम

चालू अध्ययन जारी रहेंगे ।

1.2.19 आचरणात्मक विकार

सारांश :

वर्ष 1984-85 के दौरान केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान, कोटटयाम के अन्तर्गत रोगी विभाग में विभिन्न आचरण विकारों जैसे विखण्डित मनस्कता और चिन्ताविशिति आदि के एक सौ चालीस रोगियों का अध्ययन किया गया था । इनमें से 35 की हालत में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, 92 मामलों में कोई सुधार नहीं हुआ और 6 को अध्ययन कार्यक्रम से निकाल दिया गया था ।

प्रस्तावना:

चिन्ता विक्षिप्ति, विखण्डित मनस्कता आदि आचरणात्मक विकार विभिन्न कारणों से जैसे आनुवंशिक, पर्यावरणात्मक, सामाजिक एवं आर्थिक आदि कारणों से आम हो गए हैं। इस रोग का अन्त केवल कार्यात्मक परिवर्तन (अदला बदली) करने मात्र से नहीं होता है, लेकिन विधिवत उपचार के अभाव में ये विकार भयंकर रोगों में परिवर्तन होने के कारण बन जाते है जैसे हृदय विकास(रोग), जठरांत्रशोथ विकास, मनोवैज्ञानिक यौन विकास और उससे भी अधिक प्रादूर्भाव के विकार हैं। इसलिए आचरणात्मक विकार मुख्य रूप से महत्वपूर्ण बन जाते हैं और इनका तत्काल और विधिवत उपचार आवश्यक है। आधुनिक दवाइयां शमन अथवा एकान्तता और प्रबन्ध के आधार पर उपचार प्रदान करती है जिसे कुछ भी कहें एक भद्र तरीका है लेकिन सूचना के अनुसार होम्योपैथी पद्धति के द्वारा मानसिक विकार के काफी अधिक रोगियों का उपचार किया गया है। सूचना के आधार पर किये गए दावों का वैज्ञानिक ढंग से सत्यापन करने के लिए परिषद ने 1978-79 में इसकी स्थापना के समय से लेकर आचरणात्मक विकारों में होम्योपैथिक औषधियों के असर के संबंध में अध्ययन जारी रखा। यह योजना भूतपूर्व केन्द्रीय भारतीय औषधी एव होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, कोदटयाम, जिसे अब दर्जा बढ़ाकर केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान बना दिया गया है, में 1979 में शुरू की थी।

अब तक किये गए कार्य का संक्षिप्त विवरण :

संस्थान ने अब तक (1984-85 से पूर्व) विभिन्न आचरणात्मक विकारों के 2127 रोगियों का अध्ययन किया है। इन के बारे में सूचना सम्बद्ध वर्षों की वार्षिक रिपोर्टों में दी गयी है।

1984-85 के दौरान उपलब्धियां :

वर्ष 1984-85 के दौरान केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान कोदटयाम द्वारा विभिन्न आचरणात्मक विकारों के 140 रोगियों को अन्तरंग रोगियों के रूप में दर्ज किया गया था। इनमें से 35 रोगियों की हालत में विभिन्न कोटि का सुधार हुआ (7 मामलों में उल्लेखनीय, 13 में सामान्य और 15 मामलों में मामूली सुधार हुआ)। बानवे रोगियों की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ, किसी की हालत बिगड़ी नहीं और 6 रोगियों को अध्ययन कार्यक्रम से निकाल दिया गया था।

इन 140 मामलों के अलावा संस्थान के चलते फिरत रोग-लाक्षणिक अनुसंधान एकक ने 379 रोगियों का अध्ययन किया चिकित्सा की, जिनमें 13 नये रोगी भी शामिल थे रिपोर्ट तैयार करते समय ये रोगी प्रेक्षणाधीन थे।

कारगर पायी गयी औषधियां:

काफी संख्या में होम्योपैथिक औषधियां विभिन्न आचरणात्मक विकारों में कारगर पायी गयी हैं। ये औषधियां निम्नलिखित हैं :-

मद्यपान (अलकोहलिजम)   नक्स वोयिका और टेबाकम

विक्षिप्ति (दिलघटना)	अनाकार्डियम, आर्सेनिकम अल्बम, इगनेशिया, फास्फोरिक एसिड और पुलसेटिला ।
विषाद (उन्माद)	हाइओसियामस, लेचेसिस, नक्स वोमिका और स्ट्रामोनियम
चिन्ता (उत्सुकता)	इगनेशिया, नक्स वोमिका और पुलसेटिला
मनोलैंगिक विकार	अगनस कास्टस, लाइकोपोडियम, फास्फोरिक एसिड और सल्फर

यह नोट करना रुचिकर है कि ये औषधियां सम्बद्ध विकारों में कारगर कही गयी हैं ।

इसलिए उनके असर (प्रभावोत्पादकता) के बारे में किए गए दावों का सत्यापन और पुष्टि हो चुकी है ।

भावी कार्यक्रम :

चालू अध्ययन जारी रहेंगे । केन्द्र विन्दु अर्थात् केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, कोटयाम को इस प्रयोजन के लिए विकसित किया जा रहा है ।

1·2·20 कनपेड़

सारांश:

अब तक रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक, जयपुर में कनपेड़ के 13 मामलों का अध्ययन किया गया है । यद्यपि इन रोगियों के लिए होम्योपैथिक दवाएं कारगर सिद्ध हुई हैं फिर भी इन के बारे में एकत्रित किये गए आंकड़े निष्कर्ष निकालने के लिए बहुत कम हैं ।

प्रस्तावना:

कनपेड़ एक तीव्र अति संसर्गज बीमारी है जो निक्सो विषाणुओं के कारण पैदा होता है और उसके लक्षण कर्णमूल ग्रंथि अथवा अन्य लारमय ग्रंथियों की सूजन से प्रकट होते हैं । यह रोग मुख्य रूप से स्कूल जाने वाले बच्चों की उमर वाले बच्चों और व्यस्कों को ही होता है ।

सामान्यत: यह रोग देशज है और लगभग विश्वभर में होता है ।

प्रधानत: यह रोग तीव्र संक्रामक रोग है परन्तु कभी-कभी, यदि इसका इलाज कारगर ढंग से न किया जाए तो इसके परिणामस्वरूप अण्डशोथ, ओफराइटिस, बांझपन आदि रोग हो सकते हैं ।

आधुनिक औषधिशास्त्र में कनपेड़ का कोई विशिष्ट रोगहर उपचार नहीं है । या तो सवेदक क्रियाओं को सहन करने या पीड़ा से मुक्त करने के लिए अधिकतर रोगियों को

शामक अथवा पीड़ाहर औजधियां दी जाती हैं । दूसरी ओर होम्योपैथी में गंभीर विषाणुज ज्वर अथवा ग्रंथियों के प्रदूषण/सूजन के लिए कुछ कारगर औजधियां हैं । कनपेड़ होम्योपैथिक दवाओं के प्रभाव का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से परिषद ने 1979 में जयपुर स्थित रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक में अनुसंधान अध्ययन शुरू किया है ।

अब तक कनपेड़ के 13 रोगी§ 1984-85 में दर्ज दो रोगियों सहित§ दर्ज किये जा चुके हैं । रोगियों की कम संख्या का कारण इस रोग का प्रकोप स्थानीय होना है । यद्यपि इस रोग के कम करने के लिए होम्योपैथिक दवाएं बहुत कारगर सिद्ध हुई हैं फिर भी इस संबंध में एकत्रित आंकड़े रिपोर्ट में उल्लेख करने के लिए अत्यधिक नाकाफी हैं ।

भावी कार्यक्रम :

चालू अध्ययन जारी रहेंगे ।

1.2.21 आस्थिसन्धि शोथ

सारांश :

आस्थिसन्धि शोथ / के उपचार और प्रबन्ध में होम्योपैथी दवाओं के प्रभाव का पता लगाने के लिए क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, गुडीवाड़ा में §1979 से लेकर§ और रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक, पटियाला में §1979 से लेकर§ एक अध्ययन किया जा रहा है । वर्ष 1984-85 के दौरान इन स्थानों पर आस्थिसन्धि शोथ के 52 मामलों§पुराने 49 मामलों सहित§ का अध्ययन किया गया है । इनमें से 37 रोगियों ने अपनी बीमारी में सुधार का अनुभव किया है । इक्कीस होम्योपैथिक औजधियां कारगर पायी गयी हैं ।

प्रस्तावना:

अस्थिसन्धि शोथ शब्द का प्रयोग रोग की उन परिस्थितियों के समूह के लिए किया जाता है जिनमें झिल्लीदार जोड़ों पर कुप्रभाव पड़ता है । चिकित्सा विज्ञान के अनुसार इसके लक्षण जोड़ों की उपास्थियों का ह्रास और हड्डियों का बढ़ जाना और उसके नीचे की हड्डि का फिर से ढलना है । इसके रोग लक्षण जोड़ों में दर्द, अकड़न, गतिहीनता और प्रभावित जोड़ों का टूट जाना है ।

अस्थिसन्धि शोथ अति सामान्य रोग है । एक रेडियोंधर्मी सर्वेक्षण के अनुसार सभी वयस्कों में से 10 प्रतिशत को सामान्य तौर पर अथवा अलग-अलग परिवर्तन होता है, विशेषकर स्त्रियों में (महिला: पुरुष- 2:1) और वयोवृद्धों में अलग-अलग कोटि में यह रोग देखा गया है । यह रोग विश्वभर में पाया जाता है । होम्योपैथिक औषधियां अस्थिसन्धिशोथ रोग में कारगर बतायी गयी हैं । इसलिए परिषद ने अभिलिखित लाक्षणिक आंकड़ों के सत्यापन के लिए वर्ष 1979 में पटियाला स्थित रोग लाक्षणिक अनुसंधान एकक में इस समस्या का अध्ययन शुरू किया था ।

1984-85 से पूर्व किये गए कार्य का संक्षिप्त विवरण:

रिपोर्टाधीन वर्ष से पूर्व अस्थिसन्धि शोथ के कुल 142 मामले अनुसंधान अध्ययन के लिए दर्ज किए गए थे । इन मामलों के बारे में सूचना परिषद की सम्बद्ध वार्षिक रिपोर्टों में दी जा चुकी है ।

वर्ष 1984-85 के दौरान उपलब्धियां:

वर्ष 1984-85 के दौरान अस्थिसन्धिशोथ के 52 रोगी अध्ययनार्थ दर्ज किए गए थे । परिणामों की सूचना नीचे सारणी में दी गयी है :-

कुल संख्या	जिनका इलाज किया गया	सुधार उल्लेखनीय	सामान्य सुधार	मामूली कोई सुधार नहीं	बिगाड़	जो जो इलाज निकाल के लिए दिए नहीं गए आए
52	-	2	15	20	1	1	9	3

* रिपोर्ट तैयार करते समय ।

कारगर पायी गयी होम्योपैथिक दवाएं:

काफी सारी होम्योपैथिक औषधियां जो सन्धिशोथ की परिस्थितियों में कारगर बतायी गयी हैं का सत्यापन कर लिया गया है और वे सही पायी गयी हैं । वे निम्नलिखित हैं :-

आर्सेनिकम अल्बम, ब्राइओनिया अल्बा, काइलोफीलम, मेगनेशियम फास्फोरिकम, पुलसेटिला, रहुस टाक्सिकोडेंड्रम और रूटा ग्रेवियोलान्स । ये सभी औषधियां 30 सी एच, 200 सी· एच और 1000 सी· एच· क्षमता(पोटेंसी) की इस्तेमाल की गयी थीं ।

भावी कार्यक्रम :

तय किए गए नये अनुसंधान न्यायचार के आधार पर चालू अध्ययन जारी रखें जाने हैं ।

1·2·22 मध्यकर्णशोथ

सारांश:

वर्ष 1984-85 के दौरान क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में मध्य कर्ण शोथ के 13 रोगियों का अध्ययन किया गया था । इनमें छः रोगियों को अलग- अलग स्तर तक सुधार हुआ ।

प्रस्तावना:

मध्यकर्णशोथ कान के भीतर की बीमारी है जिसमें कर्णमध्य का भीतरी झिल्लीदार अस्तर सूज जाता है अथवा कुप्रभावित हो जाता है । तीव्र मध्य कर्ण शोथ लगभग केवल बच्चों में ही देखा जाता है और इसमें प्रायः कान के उपरी वायु मार्ग का तीव्र प्रदूषण होता है जो यूस्टेकियो नली के जरिये मध्यकर्ण में पहुंच जाता है ।

दीर्घकालिक संदूषण जिसमें तीव्र सूजन के कोई प्रमुख चिन्ह न हों दीर्घावधिक सुपररेटिव मध्यकर्ण शोथ कहा जाता है। यह रोग तीव्र संदूषण के पूरी तरह ठीक अथवा मध्यकर्ण में सीरस स्पन्दन के कारण हो सकता है। नैदानिक तौर पर इस का लक्षण कान से लगातार अथवा कुछ- कुछ समय बाद श्लेष्म बहना, सामान्य अथवा गंभीर बहरापन होना। इसका इलाज, जैसा कि आमूल रूप से निर्दिष्ट है दवाइयां खाना और कुछ मामलों में शल्य चिकित्सा द्वारा समाधान करना है। दूसरी ओर होम्योपैथिक औषधियां, दीर्घावधिक सुपुरेटिव मध्यकर्ण शोथ में, उपचार की दृष्टि से कारगर बतायी गयी है। सूचना में दर्ज आंकडों का सत्यापन करने के उद्देश्य से परिषद ने 1978-79 में क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, नयी दिल्ली में अनुसंधान अध्ययन शुरू किया था।

1984-85 से पूर्व किए गए कार्य का संक्षिप्त विवरण :

1978-79 और 1984-85 के बीच संस्थान द्वारा मध्य कर्ण शोथ के सतहत्तर रोगियों का अध्ययन किया गया था। प्राप्त परिणामों की सूचना सम्बद्ध वर्षों की वार्षिक रिपोर्टों में जा चुकी है।

वर्ष 1984-85 के दौरान उपलब्धियां:

आलोच्य वर्ष में मध्यकर्णशोथ के केवल 13 मामलों, पुराने 9 मामलों सहित, का अध्ययन किया गया था। 13.9.85 से इस योजना को अध्ययन कार्यक्रम से निकाल दिया गया है।

इनमें से पांच रोगियों को सामान्य राहत का अनुभव हुआ है। 1 रोगी को कोई राहत नहीं मिली और 6 रोगी बाद में इलाज के लिए ही नहीं पधारे।

इस्तेमाल की गयी होम्योपैथी औषधियां :

बेलाडोना, ब्राइओनिया, अल्बा, कलकेरिया कार्बोनिकम, पुलसेटिला और सिलीसिया, ये दवाएं इस्तेमाल की गयी है और यह पता चला है कि इन दवाइयों के प्रयोग से बीमारी की गहनता में काफी राहत मिली है।

भावी कार्यक्रम

इस योजना को अध्ययन कार्यक्रम से वापस ले लिया गया है।

1.2.23 सोरियासिस

सारांश:

1984-85 में सोरियासिस के कुल 21 मामलों का अध्ययन क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान एकक, नयी दिल्ली में किया गया था। इनमें से 16 मामलों में अलग- अलग कोटि का सुधार देखा गया है। पांच होम्योपैथिक दवाओं का इस्तेमाल किया गया था और उन्हें कारगर पाया गया है।

प्रस्तावना:

सोरियासिस एक गैर- संक्रामक, दीर्घावधिक सामान्य चर्म रोग है । इसके लक्षण थोड़ी उभरी हुई चमड़ी पर चमक लाल§चमी§ बन्दव विस्फोट और साथ में चमकदार और विशेष किस्म का उसका प्रसारक वितरण । इस रोग का क्रम बीच-बीच में रोग में कमी के साथ बदलता रहता है । सोरियासिस विश्वभर में आमतौर पर उष्मकटीबन्धीय देशों में फैला हुआ रोग है, यद्यपि शीतोष्ण कटिबन्धीय जलवायु में यह पर्याप्त रूप से आम है ।

इस के दौरे गर्मी के बजाय ठंड के मौसम में अधिक पड़ते हैं ।

यद्यपि सोरियासिस के ठीक कारण विदित नहीं हैं लेकिन यह देखा गया है कि यह रोग पैतृक- पारिवारिक रोग है जो खिंचाव के कारण जैसे चिन्ता, दिमागी परेशानी, ज्वर आदि और आनुवंशिकी गठन है । इस रोग का परिसार एकल, अनियमिततौर पर प्रबल जीन के द्वारा होता है । ऐसा विश्वास है कि स्ट्रैप्टोकोकसी संक्रमण, मधुमेह और खानपान में प्यूरीन का होना इस रोग को बढ़ाने के कारण हैं ।

होम्योपैथिक दवाएं, जैसा कि अन्य चर्म रोगों में; सोरियासिस में अत्यन्त उपयोगी कही गयी हैं । वर्तमान अध्ययन 1978 में सोरियासिस में इंगित होम्योपैथिक दवाओं की प्रति क्रिया का मूल्यांकन करने के लिए क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, नयी दिल्ली में शुरू किया गया था ।

1984-85 से पूर्व किए गए कार्य का संक्षिप्त विवरण :

1978-79 और 1983-84 के बीच की अवधि में सोरियासिस के 28 मामले अनुसंधान अध्ययनार्थ दर्ज हुए थे । इन मामलों के बारे में सम्बद्ध वर्षों की वार्षिक रिपोर्टों में उल्लेख पहले ही किया जा चुका है ।

वर्ष 1984-85 के दौरान उपलब्धियां :

आलोच्य वर्ष में सोरियासिस के 21 मामलों §पिछले वर्ष दर्ज किये गए पांच मामलों सहित§ का अध्ययन किया गया था । इन में 16 रोगियों को सामान्य से मामूली राहत का अनुभव हुआ, 2 की हालत में कोई सुधार नहीं देखा गया, 1 की हालत बिगड़ गयी और 2 को अध्ययन कार्यक्रम से निकाल दिया गया ।

कारगर पायी गयी होम्योपैथी दवाएं:

सोरियासिस के उपचार में होम्योपैथी की पांच दवाएं उपयोगी पायी गयी हैं । ये हैं :- कलकेरिया सल्फ्यूरिकम §30 सी एच§, क्रोटन टिग्लियम §200 सी एच§, हाइड्रोकोटाइल एसियाटिका §30 सी एच§, पेट्रोलियम §200 सी एच§ और फास्फोरस§200 सी एच§ । ये औषधियां रोग के मुख्य और लाक्षणिक चिन्हों के आधार पर विनिर्दिष्ट की गयी थीं ।

भावी कार्यक्रम

निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए पर्याप्त आंकड़े प्राप्त करने के उद्देश्य से चालू अध्ययन जारी रखे जाएंगे ।

1.2.24 आमवात ज्वर और
अस्थि सन्धिशोथ
(रूमैटिक फीवर एण्ड
आर्थ्राइटिस)

सारांश:

क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, गुडीवाडा में आमवात ज्वर और अस्थि[illegible] 29 नये [illegible] [illegible] मामलों, [illegible] था ।

[illegible] स्ट्रेप्टोकोकसी पाइयोजीनस से [illegible] कोशिकाएं कुप्रभावित हो जाती हैं । [illegible] जोड़ विशेष तौर पर कुप्रभावित होते [illegible] ज्वर का सामान्य परिणाम हृदय बाल्वों की दीर्घावधिक बीमारी है ।

इस रोग के प्रारंभ होने के तरीके अलग- अलग हैं तदनुसार इसे (रोग को) व्यक्त करने वाले लक्षण काफी भिन्न-भिन्न हो सकते हैं । इसलिए इसके नैदानिक लक्षण दो भागों में विभक्त हैं - मुख्य और गौण ।

मुख्य लक्षण : - हृदय शोथ - शिखर सिस्टालिक स्पन्दन का होना

- बहुसंधिशोथ - दो या दो से अधिक जोड़ों की सूजन, सामान्यत: बड़े बड़े जोड़ों पर इसका प्रभाव पड़ता है । दर्द कभी एक जोड़ में कभी दूसरे में चलती फिरती रहती है ।

- लास्य (कोरिया) -

- अवत्वक् पर्विकाएं - रूमैटिक हृदय रोग (आर. एच.डी.), के लगभग 5 प्रतिशत रोगियों को यह तकलीफ होती है ।

- त्वक्‌ी क्षमा

गौण लक्षण :- ज्वर - लगातार अथवा बीच - बीच में । कभी 38 डिग्री से बढ़ता है ।

- सन्धिआर्ति - जोड़ों में दर्द बना रहता है, (जोड़ों की दर्द) सूजन और लाल रंग होता है ।

- ई.एस.आर. -

(लोहित कोशिका अवसादन दर)

लोहित कोशिका अवसादन दर ज्वर, रक्त हीनता और श्वेत कोशिका बहुलता के साथ बढ़ जाती है ।

भारतीय उप- निवेश में रूमैटिक हृदय रोग से पीड़ित बच्चों का अनुपात प्रति 1,00,000 बच्चों में 200-1200 तक बच्चे हैं। जबकि विकसित देशों में रूमैटिक हृदय रोग का प्रतिशत लगातार घट रहा है यह दर निर्धन विकासशील देशों में, जहां पोषाहार और स्वच्छता की कमी है, बढ़ रहा है। लगभग 90 प्रतिशत मामलों में रूमैटिक हृदय रोग का प्रारंभिक दौरा 4-14 वर्ष की अवस्था के बच्चों को पड़ता है।

रूमैटिक हृदय रोग में होम्योपैथिक दवाएं उपयोगी बतायी गयी हैं। इस लिए भूतपूर्व केन्द्रीय भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् (वर्तमान केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्) ने रूमैटिक हृदय रोगों में होम्योपैथिक दवाओं के प्रभाव का पता लगाने के लिए गुदीबाड़ा स्थित रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक, जिसका दर्जा बढ़ाकर क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान बना दिया गया है, में 1983 में एक अनुसंधान अध्ययन शुरु किया था। केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् उक्त योजना को जारी रखे हुए है।

1984-85 से पूर्व किए गए कार्य का संक्षिप्त विवरण :

संस्थान ने रूमैटिक हृदय रोग के 566 (1983-84 में 226 मामले दर्ज किए हैं। 1984-85 से पूर्व प्राप्त परिणामों का उल्लेख सम्बद्ध वार्षिक रिपोर्टों में कर दिया गया है।

वर्ष 1984-85 की उपलब्धियां:

वर्ष 1984-85 में रूमैटिक हृदय रोग के 29 मामले अध्ययनार्थ दर्ज किए गए थे। पुराने 26 मामलों का अध्ययन भी किया जाता रहा अध्ययन के दौरान प्राप्त किए गए परिणामों को नीचे सारणी में दिया गया है :-

अधीत मामलों की कुल संख्या	पुरुष	स्त्रियां	उपचार के परिणाम: इलाज पूरा हुआ	उल्लेखनीय राहत 75 प्रतिशत और अधिक	सामान्य राहत 50-75 प्रतिशत	मामूली 25-50 प्रतिशत तक	कोई राहत नहीं	बिगाड़	छोड़ दिए गए x
नये 29	15	14	-	4	6	19	-	-	-
पुराने 26	9	17	-	13	13	-	-	-	-

x प्रेक्षणाधीन

प्रेक्षण :

अब तक प्राप्त परिणामों से पता चलता है कि रूमैटिक ज्वर/अस्थिसन्धि शोथ के उपचार में होम्योपैथिक दवाए निश्चित भूमिका अदाकर सकती हैं।

जैसा कि होम्योपैथिक साहित्य में उल्लिखित है, अधिकतर इंगित होम्योपैथिक औषधियां, जैसे एपिस मेलिफिका,

आर्सेनिकम अल्बम, ब्राइओनिया अल्बा, कालमिया लेटिफोलिया, लेडम पालुस्ट्रे, रहुस टाक्सिकोडेंड्रम आदि कारगर प्रमाणित हुई हैं ।

रहुस टाक्सिकोडेंड्रम अधिकतम रोगियों को निर्दिष्ट की गयी थी अर्थात् 18 ‡नये‡ और 17 ‡पुराने‡ रोगी, और उसके बाद ब्राइओनिया अल्बा जो क्रमश: 5 ‡नये‡ एवं 17 ‡पुराने‡ रोगियों को दी गयी थी और उनसे उल्लेखनीय सुधार हुआ है । दो रोगियों को बीमारी का दूसरा दौरा नहीं पड़ा और 27 रोगियों ने रोग के लक्षणों की प्रवलता में उल्लेखनीय कमी का अनुभव किया ।

भावी कार्यक्रम :

चालू अध्ययन जारी रखे जाएंगे ।

1.2.25 रूमेटाइड संधिशोथ

सारांश :

आलोच्य वर्ष में रूमेटाइड संधिशोथ के सोलह मामलों का अध्ययन किया गया था । इनमें से तीन रोगियों का उपचार कर लिया गया है और 9 रोगियों की हालत में अलग-अलग कोटि का सुधार हुआ । नौ होम्योपैथिक दवाएं कारगर पायी गयी हैं ।

प्रस्तावना:

रूमेटाइड संधिशोथ दीर्घावधिक अथवा अनुतीव्र, प्रणाली जन्य विकार है इसमें मुख्यत: शरीर के जोड़ परिसरीय, सन्तुलित, सूजन पैदा करने वाली, पूय रहित आस्थिसंधि शोथ से पीड़ित रहते हैं और रोग के प्रकोपन और शान्ति की एक लम्बी अवधि होती है ।

यह एक सामान्य बीमारी है जो विश्व में अधिकतर विकसित देशों में काफी बड़ी संख्या में लोगों को पीड़ित करती है । लेकिन शीतोष्ण जलवायु वाले देशों में यह और भी अधिक व्याप्त है । इस रोग के पैदा होने की अधिकतम आयु स्त्रियों में 35 और 55 वर्ष के बीच और पुरुषों में 40 से 60 वर्ष के बीच की अवस्था है । परन्तु इस रोग से छूट के लिए कोई आयु नहीं है । इस बीमारी के होने का समय आम तौर पर सर्दी है ।

इस रोग के निश्चित कारण तो अभी विदित नहीं हैं परन्तु यह अनुमान है कि पर्यावरणात्मक एवं आनुवंशिक कारणों सहित अनेक कारण सामूहिक रूप से रूमेटिक आर्थिराइटिस का कारण बनते हैं ।

नैदानिक तौर पर इसके लक्षण हैं समपित परिसरीय बहुधमनी शोथ जिसमें अधिकतर हाथों कलाइयों, टकनों, घुटनों और ग्रीवा, रीढ़ की हड्डी के छोटे छोटे जोड़ प्रभावित होते हैं । कुप्रभावित जोड़ विशेषकर हिलने डुलने में सख्त और नरम हो जाते हैं, प्रात: जागने पर यह पीड़ा और अधिक होती है ।

यह एक अपंग बनाने वाली बीमारी है और आमतौर पर इस के कारण रोगी हिलने डुलने में अक्षम हो जाता है।

स्पेटांइड आर्थ्राइटिस का रोगहर दृष्टि से कोई कारगर उपचार नहीं है परन्तु होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति में कुछ औषधियों के बारे में जानकारी है जो आमवातीय संधिशोथ की नैदानिक अभिव्यक्ति को प्रेरित करने वाली परिस्थितियों में उपयोगी पायी गयी हैं। स्पेटांइड आर्थ्राइटिस में उस प्रकार की औषधियों के प्रभाव का पता लगाने के लिए एवं प्रणालीबद्ध तरीके से आंकड़ों का सत्यापन करने के लिए परिषद ने केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कलकत्ता में और क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, गुडीवाड़ा में इस समस्या का अनुसंधान अध्ययन प्रारंभ किया है।

1984-85 से पूर्व किए गए कार्य का संक्षिप्त विवरण:

1984-85 से पूर्व स्पेटांइड आर्थ्राइटिस के इकीस मामलों का अध्ययन किया गया था। इन के बारे में सूचना सम्बद्ध वर्षों की वार्षिक रिपोर्टों में दी जा चुकी है।

वर्ष 1984-85 की उपलब्धियां :

वर्ष 1984-85 के दौरान स्पेटांइड आर्थ्राइटिस के सोलह मामले अध्ययन के लिए दर्ज किए गए थे। इनमें से तीन का इलाज कर लिए जाने की सूचना मिली है, 4 मामलों में उल्लेखनीय सुधार हुआ। 4 रोगी बाद में इलाज के लिए हाजिर नहीं हुए इसलिए उन्हें अध्ययन कार्यक्रम से निकाल दिया गया था।

कारगर पायी गयी होम्योपैथिक दवाएं:

रोग की अवधि तथा भयंकरता के अनुसार विभिन्न क्षमताओं (पोटेंसीज़) में निम्नलिखित औषधियां प्रयोग में लायी गयी थीं और वे कारगर पायी गयी।

आरजेंटम मेटालिकम, ब्राइओनिया अल्बा, कास्टिकम, कालसिकम आटुसिकम आटुमनाली, लडेम पालुस्ट्रे, पुलसेटिला, रहुस टाक्सिकोडेंड्रम और सिफिलीनम।

भावी कार्यक्रम :

चालू अध्ययन जारी रहेंगे।

1.2.26 नाशा शोथ

सारांश :

वर्ष 1984-85 के दौरान क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, नयी दिल्ली में नाशाशोथ के चौंतीस मामलों का अध्ययन किया गया था। इन 34 मामलों में से 8 रोगियों को विभिन्न कोटि का सुधार हुआ है। रिपोर्ट तैयार करने के समय तक छब्बीस रोगी प्रेक्षणाधीन थे।

प्रस्तावना:

नाशा शोथ ऊपरी श्वसन नली (मार्ग) के प्रदूषण का एक अति सामान्य रोग है, और यदि समय रहते इसका उपचार न किया जाए तो इसके कारण कई रोग

पैदा हो सकते हैं जैसे नाड़ी व्रण, ग्रासनीशोथ, स्वरमंत्र शोथ श्वसनीशोथ आदि । सूचना के अनुसार नाशाशोथ के उपचार में तथा इससे पैदा होने वाली अन्य कठिनाइयों से बचने के लिए होम्योपैथिक उपचार अति कारगर बताया गया है । रोगलाक्षणिक आंकड़े एकत्रित करने और क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नयी दिल्ली के होम्योपैथिक साहित्य में पहले से रिकार्ड किए गए उन आंकड़ों के रोग लक्षण विज्ञान का सत्यापन करने के लिए परिषद ने नाशा शोथ में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का अध्ययन शुरू किया है ।

वर्ष 1984-85 की उपलब्धियां :

वर्ष 1984-85 के दौरान नाशाशोथ के चौतीस मामलों का अध्ययन किया गया था । इनमें से आठ रोगियों को अलग- अलग स्तर का सुधार हुआ है और रिपोर्ट तैयार करने के समय 26 रोगी प्रेक्षणाधीन थे ।

जो औषधियां कारगर पायी गयी वे हैं :-

सल्फर(2), सिलीसिया(3), अमोनियम मुरिआटिकम(1), कालीं ब्राइक्रोमिकम(1), निट्रिक एसिड(1), नक्सवोमिका (1) और पुलसेटिला(1) .

भावी कार्यक्रम :

तैयार किए गए कार्यक्रम के अनुसार चालू अध्ययन जारी रहेंगे ।

1.2.27 गृध्रसी (शियाटिका)

सारांश :

वर्ष 1984-85 के दौरान गृध्रसी के सोलह मामलों का अध्ययन किया गया था । इनमें से चार मामलों में इलाज कर लिया गया था और 6 में अलग-अलग स्तर का सुधार हुआ है । होम्योपैथी की आठ दवाइयां कारगर पायी गयीं थी ।

प्रस्तावना:

उन अंगों(जड़ों) की वितरण प्रणाली जैसे लम्बर और साकरल जिनसे गृध्रसी नाड़ी को सहायता मिलती है, में दर्द को ही शियाटिका का दर्द कहा जाता है और यह प्राय: भीग कटि अंतराकशेरुका चक्र(डिस्क) के कारण होता है जो आमतौर पर एल तथा एस अथवा एल और एल के बीच होता है । गृध्रसी (शियाटिका) से पीड़ित विशिष्ट रोगी आमतौर पर 40 वर्ष के आस पास की अवस्था वाला वह आदमी होता है जिसे पहले पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कई तीव्र दौरे पड़ चुके होते हैं । गृध्रसी रोग कई वार अभिघात के परिणाम स्वरूप भी हो जाता है । दर्द का प्रारंभ तत्काल तीव्र अथवा कई दिनों में होता है । दर्द पीठ के भाग में, नितम्बों, और जांघों और पिंडलियों की पिछली अथवा अगली तरफ या पैर की एड़ी में अथवा उसके पीछे और अंगूठे में होता है ।

आधुनिक चिकित्सा शास्त्र में जो इसका उपचार है वह केवल पीड़ाहर औषधियों का सेवन और शय्या पर आराम करने की सलाह देकर रोग में लाक्षणिक राहत प्रदान करना है। लेकिन होम्योपैथी में, जैसा कि होम्योपैथी साहित्य में उल्लिखित है इस रोग का रोगहर उपचार उपलब्ध है। परिषद ने इसलिए इस अत्यन्त पंगुकारी रोग में अनुसंधान अध्ययन शुरू किया है। यह अनुसंधान अध्ययन केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, कलकत्ता में अभिलिखित आंकड़ों का वैज्ञानिक ढंग से सत्यापन करने के लिए शुरू किया गया है।

1984-85 से पूर्व किए गए कार्य का संक्षिप्त विवरण :

1982-83 और 1983-84 के बीच सियाटिका (गृध्रसी) के चौबीस मामलों का अध्ययन किया गया था। इन मामलों का जिक्र वर्ष 1983-84 की वार्षिक रिपोर्ट में कर दिया गया है।

वर्ष 1984-85 की उपलब्धियां :

वर्ष 1984-85 के दौरान सियाटिका के सोलह रोगियों का अध्ययन किया गया था। चार रोगियों का इलाज सम्पन्न हो गया है और 6 रोगियों को विभिन्न स्तरों पर सुधार देखा गया है। एक मामले में कोई सुधार नहीं हुआ और 5 रोगियों को अध्ययन कार्यक्रम से निकाल दिया गया था।

आदि के कारण होता है। दीर्घाविधिक नाशाशोथ प्राय: तीव्र नाशाशोथ में परिणत हो जाता है। काफी लम्बे समय बाद यह रोग किसी विकृतिजन्य प्रक्रिया के परिणामस्वरूप घटे हुए वायु विवर में भी परिणत हो जाता है।

दीर्घाविधिक नाशाशोथ के नैदानिक लक्षण नाक से श्लेष्म का बहना, नाक से पानी बहना, नाक का रूकना, विशेषकर परिबलित परिस्थिति एवं गर्म वातावरण में, विशेषकर तीव्र दौरे के दौरान पीड़ा हो सकती है।

आधुनिक चिकित्सा पद्धति इसमें केवल रोगलाक्षणिक राहत प्रदान करती है। नाक के अन्दर के तरल तत्व को सुखाने के लिए नाक की हड्डी में छिद्र करने के लिए शल्य चिकित्सा का सहारा भी लिया जाता है। लेकिन यह देखा गया है कि नाक की हड्डी के पंक्चर करने के बाद भी सूजन की प्रक्रिया में आवृत्ति बनी रहती है। दूसरी ओर होम्योपैथी में इस के लिए सुरक्षित और सरल उपचार उपलब्ध है। नाशाशोथ में इंगित की गयी होम्योपैथिक औषधियों की प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए परिषद ने जुलाई, 1984 में क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, नयी दिल्ली में नाशाशोथ में अनुसंधान कार्य शुरू किया था।

कारगर पायी गयी होम्योपैथी दवाएं:

ब्राइआनिया अल्बा, कलकेरिआ कार्बोनिका, कास्टिकम, कलमिया लेटिफोलिआ, लेडम पालुस्ट्री और लिथियम कार्बोनिकम । रोग के लक्षणों की गंभीरता के आधार पर विभिन्न क्षमताओं में दी गयी उपर्युक्त औषधियां कारगर पायी गयी थीं ।

भावी कार्यक्रम:

चालू अध्ययन जारी रहेंगे ।

1·2·28 वायुविवरशोथ

॥साइनुसिटिस॥

सारांश:

नयी दिल्ली स्थित क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, वायु विवरशोथ के पैंतीस मामलों का अध्ययन किया गया था । इनमें से 31 रोगियों को विभिन्न स्तरों के सुधार का अनुभव हुआ । होम्योपैथी की पन्द्रह औषधियां कारगर सत्यापित हुई है ।

प्रस्तावना:

स्मृतिनासा के परानासा व्रण की सूजन को वायु विवर शोथ कहा जाता है । यह रोग कण्ठशालूक के बढ़ जाने॥बच्चों के मामले में॥ एलर्जी जन्य नासा शोथ ॥विशेषकर मौसमी किस्म का॥, दांत के ऊपरी भाग से लगकर पैदा हुई पुंसी अथवा फोड़े के कारण, दीर्घावधिक परिदन्तीय रोग, कोटरनालव्रण॥दांत निकालने के बाद॥

वर्ष 1984-85 में उपलब्धियां:

वर्ष 1984-85 के दौरान नाशाशोथ के पैंतीस रोगियों का अध्ययन किया गया था । इनमें से 14 रोगियों की हालत में उल्लेखनीय सुधार हुआ, 12 रोगियों ने सामान्य सुधार का अनुभव किया, पांच रोगियों को मामूली सुधार का अनुभव हुआ, एक रोगी को अध्ययन कार्यक्रम से निकाल दिया गया और 3 रोगी रिपोर्ट तैयार करते समय भी प्रेक्षणाधीन थे ।

कारगर पायी गयी होम्योपैथिक औषधियां:

अध्ययन के दौरान निम्नलिखित होम्योपैथिक औषधियां कारगर पायी गयी थीं । काली बिकोम्किम ॥5॥ नक्सावोमिका ॥5॥ सिलीसिया॥4॥ लाइकोपोडियम॥3॥, औरुम मुरिआटिकम ॥2॥ हेयर सल्फयूरिकम॥2॥ नेट्रम मुरिआटिकम॥2॥ पुलसेटिला॥2॥ आर्सेनिकम अल्बम॥1॥, कार्बोवेजिटेबिलिस॥1॥ मेरकूरिअस सोलुबिलिस॥1॥ फास्फोरस॥1॥ साम्बिनारिया के नाडेंसिस ॥1॥, स्पिगेलिया॥1॥ और टुबरकुलीनम॥1॥

यह भी देखा गया कि निम्नलिखित औषधियां कोष्ठकों में दी गयी औषधियों के लिए और कोष्ठकों में दी गयी औषधियां दूसरी औषधियों के लिए पूरक प्रभाव रखती हैं । नक्स वोमिका॥कालिबाइक्रोमिकम॥, सेपिया॥नेट्रम मुरिआटिकम॥ और सल्फर॥टुबरकुलीनम॥ ।

सल्फर 30 सी एच भी लाइकोपोडियम 200 सी एच के लिए मध्यवर्ती उपचार के रूप में अनुकूल प्रभावोत्पादक पायी गयी थी ।

कुल मिलाकर नाशाग्नोथ के 35 में से 31 मामलों में होम्योपैथिक दवाइयों का अनुकूल प्रभाव पड़ा है ।

भावी कार्यक्रम :

चालू अध्ययन जारी रखे जाएंगे ।

1·2·29 क्रीड़ा आयुर्विज्ञान

प्रस्तावना :

खिलाड़ी पुरुष और महिलाएं बड़े बड़े शारीरिक अभ्यासों में ग्रस्त रहते हैं और इसलिए उनकी मांस पेशियों, नसों, जोड़ों और हड्डियों के टूटने और जख्मी होने की अत्यधिक आशंका रहती है । इनमें से कुछ क्षति का तो अनिवार्य रूप भेषजीय उपचार आवश्यक होता है । इसके अलावा खिलाड़ियों पर बड़ी बड़ी खेल प्रतियोगिताओं और कठिन प्रतियोगिताओं के कारण, जिनमें उन्हें भाग लेना होता है, के एक घंटा पहले मनो वैज्ञानिक दबाव के भी शिकार होते हैं । इस भावुकता की स्थिति का प्रभाव खेल के मैदान में उनके प्रदर्शन और प्रतियोगिता क्षमता एवं उर्जस्विता की मात्रा पर भी पड़ता है । होम्योपैथी जिसमें विभिन्न प्रकार की क्षति के लिए

कुछ अति कारगर औषधियां उपलब्ध हैं शारीरिक और मनो-वैज्ञानिक विकारों के उपचार के लिए भी सुरक्षित और भद्र व्यवस्था करता है । इन परिस्थितियों के संबंध में आंकड़े होम्योपैथिक साहित्य में उपलब्ध हैं । परिषद् ने उपलब्ध आंकड़ों के वैज्ञानिक सत्यापन की आवश्यकता को माना है और हाल ही में रोग लाक्षणिक अनुसंधान एकक, पटियाला में अनुसंधान योजना शुरु की है ।

अब तक नौ मामलों का अध्ययन किया गया है । इसमें से तीन रोगियों को विभिन्न स्तर की राहत मिली हैं और शेष रोगियों ने उपचार जारी नहीं रखा । इसलिए एकत्रित किए गए आंकड़े किसी प्रकार का निष्कर्ष निकालने के लिए पर्याप्त नहीं हैं ।

भावी कार्यक्रम :

चालू अध्ययन जारी रखे जाएंगे ।

1·2·30 तुण्डिकाशाथ

सारांश :

आलोच्य वर्ष के दौरान तुण्डिकाशाथ के 41 मामलों का अध्ययन किया गया था । इनमें से 28 रोगियों को सामान्य से मामूली राहत मिली । रोगी बाद में इलाज के लिए हाजिर नहीं हुआ और रिपोर्ट तैयार करते समय तक 12 रोगी प्रेक्षणाधीन थे । होम्योपैथी की तेरह दवाएं जिनको तुण्डिकाशाथ में प्रयोग किए जाने की सूचना है कारगर सत्यापित हुई हैं ।

प्रस्तावना:

तुण्डिका शोथ ऊपरी श्वसनीनली की आम बीमारी है, और यह बीमारी प्रधानतया बच्चों और युवा वयस्कों को पीड़ित करती है । यह रोग आम तौर पर रक्तसंलापी स्ट्रेप्टोकोकस के कारण होता है।लान्सफील्ड का ग्रुप ए। इसमें प्रदूषण बिन्दुक प्रदूषण अथवा गर्द।धूल। के मार्फत फैलता है । यह रोग स्कारलेट ज्वर, खसरा तथा ऊपरी श्वसननली के अन्य अनेक प्रदूषणों का भी सामान्य लक्षण है।

नैदानिक लक्षणों में गले की गंभीर सूजन, कंठिन, पीड़ादायी सूजन, तेज ज्वर, कभी कम कभी अधिक घबराहट, सिर दर्द और मांस पेशियों और जोड़ों की दर्दें शामिल हैं। सूखी और तरल सूजन के द्वारा गले के लक्षण गंभीर हो जाते हैं । इस रोग में जबड़े के नीचे और ऊपरी गहरी ग्रैवग्रंथियों में फटन और मुलायम पन होता है । इस रोग में तीव्र पीकदार मध्य कर्ण शोथ बार-बार होना आम है ।

तुण्डिका शोथ के निरन्तर प्रकोप को ध्यान में रखते हुए परिषद ने तुण्डिकाशोथ के मामलों में होम्योपैथिक औषधियों के रोगहर प्रभाव का अध्ययन करने के लिए 1984 में क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, नयी दिल्ली में अनुसंधान योजना शुरू की है ।

वर्ष 1984-85 के दौरान उपलब्धियां :

अनुसंधान अध्ययनों के लिए तुण्डिका शोथ के इकतालीस मामले दर्ज किए गए थे । इन में से अट्ठाइस रोगियों को सामान्य से मामूली राहत की सूचना मिली है, । रोगी ने बाद में इलाज के लिए रिपोर्ट नहीं किया और 12 रोगी रिपोर्ट तैयार करते समय प्रेक्षणाधीन थे ।

कारगर पायी गयी होम्योपैथी औषधियां :

यद्यपि तुण्डिका शोथ में इंगित अनेक औषधियां अध्ययन के दौरान इस्तेमाल की गयी थीं, एक से अधिक रोगियों के मामले में निम्नलिखित औषधियां कारगर पायी गयी थीं ।

आर्सेनिकम अल्बम।6।x, बारिटा कार्बोनिकम।3।, बेलाडोना।3।, नेट्रम मुरिआटिकम।3।, कलकेरिआ कार्बो निकम।2।, लाइकोपोडियम।2।, सिलीसिया।22। और सल्फर।2। । इसके अतिरिक्त कुछ और होम्योपैथिक औषधियां जो प्रत्येक मामले में कारगर पायी गयीं वे हैं : एपिस मेलिफिका, लेचेसिस, मरकूरिअस साइआनाटस, मरकूरिअस प्रेाटो आइओडाइड और पुलसेटिला ।

प्रेक्षण :

संस्थान में उपचार के बाद दस रोगियों को तुण्डिका शोथ का दूसरा दौरा नहीं पड़ा और 23 रोगियों को दूसरा दौरा पड़ने की सूचना मिली है परन्तु उसके लक्षणों में कम गंभीरता थी । पांच अन्य रोगियों ने रोग की गंभीरता में परिवर्तन की कोई सूचना नहीं दी ।

भावी कार्यक्रम

चालू अध्ययन जारी रहेंगे ।

* कोष्ठकों में दिखाए गए अंक उन रोगियों के हैं जिनके मामले में सम्बद्ध औषधियां कारगर पायी गयी थीं ।

1.2.31 मस्से

सारांश :

18 पुराने मामलों सहित मस्सों के अठतीस मामलों का अध्ययन किया गया था । बीस रोगियों को अलग अलग कोटि का सुधार हुआ । अध्ययन के दौरान आठ होम्योपैथिक औषधियां कारगर पायी गयी हैं ।

प्रस्तावना:

मस्से आम तौर पर विषाणुज प्रदूषण के कारण पैदा होते हैं और यह आम बीमारी है तथा चमड़े में अथवा श्लेष्म अंगों में कहीं भी पैदा हो सकते हैं । मस्सों के लक्षण चमड़ी पर छोटी- छोटी अथवा अपेक्षाकृत बड़ी फुंसियों जैसा उभार होना है । मस्सों का त्वरित इलाज आम है, परन्तु मस्सों का इलाज औषधियों द्वारा कठिन भी पाया गया है । मस्सों के इलाज में होम्योपैथी को ख्याति प्राप्त हुई है । परन्तु प्रचलित उपचारों के प्रणालिबद्ध और वैज्ञानिक ढंग से सत्यापन की आवश्यकता है । इसलिए परिषद ने वर्ष 1978 में क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, नयी दिल्ली में अनुसंधान अध्ययन शुरु किया था ।

1984-85 से पूर्व किए गए कार्य का संक्षिप्त विवरण:

अप्रैल, 1981 से मार्च, 1984 तक मस्सों के पन्द्रह रोगियों का अध्ययन किया गया था (इनमें कार्नी (घट्टों) के मामलों के साथ शुरु से दर्ज किए गए (कुल 51) शामिल नहीं हैं । इन मामलों के बारे में परिषद की वार्षिक रिपोर्टों में जिक्र किया गया है ।

वर्ष 1984-85 के दौरान उपलब्धियां:

वर्ष 1984-85 के दौरान मस्सों के अठतीस मामलों, अनुवर्ती कार्यवाही के 18 पुराने मामलों सहित, का अध्ययन किया गया था । इनमें से 20 रोगियों को अलग- अलग स्तर का सुधार हुआ है, 10 रोगियों की दशा में कोई सुधार नहीं हुआ, 16 रोगी बाद में इलाज के लिए नहीं आए और दो रोगी रिपोर्ट तैयार करने के समय प्रेक्षणाधीन थे ।

कारगर पायी गयी होम्योपैथी औषधियां:

विभिन्न किस्मों के मस्सों में विभिन्न क्षमताओं में प्रयोग की गयी आर्सेनिक अल्बम, कलकेरिआ कार्बोनिकम, कास्टिकम, डल्केमारा, नेट्रम मुरिआटिकम, निट्रिक एसिड, सेपिया और थूजा आक्सिडेंटालिस औषधियां कारगर पायी गयी हैं ।

भावी कार्यक्रम:

चालू अध्ययन जारी रहेंगे ।

1·3 जनजातीय क्षेत्रों में रोग लाक्षणिक अनुसंधान

जैसा कि पहले कहा जा चुका है देश के विभिन्न भागों में स्थित जन जातीय क्षेत्रों में वर्ष 1983-84 रोग-लाक्षणिक अनुसंधान शुरु किया गया था ।* अर्थात् जेपुर (उड़ीसा) गोंडा (उ·प्र·) इडुकी (केरल), सिक्किम, नार्थ केनारा (कर्नाटक), त्रिपुरा (पश्चिम), रांची (बिहार), मणिपुर, पांडीचेरी, विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश), बस्तर (म·प्र·), सेलम (तमिलनाडु), एजवाल (मिजोरम) मरुच (गुजरात), कोहिमा (नागालैंड), ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश), कार्बी आंगलोंग (आसाम), लेह (जम्मू और काश्मीर) और शीलांग (मेघालय) प्रत्येक में एक- एक एकक ।

* कुल मिलाकर 20 एकक स्थापित कि[ए] जाने थे

इनमें से छः एकक वर्ष 1983-84 में स्थापित किए गए थे और 13 एकक आलोच्य वर्ष (1984-85) में स्थापित किए गए हैं ।

चूंकि ये एकक अभी थोड़े दिनों से चल रहे हैं, इसलिए इनमें से कुछ एक जो पहले स्थापित किए गए थे सर्वेक्षण कार्य के साथ- साथ रोगलाक्षणिक अनुसंधान कार्य शुरु कर सके हैं । इन एककों की उपलब्धियों की एक झलक नीचे की सारणी में दिखायी गयी है :-

उपलब्धियां- रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक जनजातीय क्षेत्रों में : 1984-85

क्रम संख्या	एकक का नाम	स्थापना की तारीख	सर्वेक्षित क्षेत्र	सर्वेक्षित जनसंख्या वहिरंगरोगी विभाग उपस्थिति	रोगियों की संख्या	प्रचलित रोग
1·	रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक, (जनजातीय) गोंडा (उत्तर प्रदेश)	9·2·84	वीरपुर, विशानपुर विश्राम, मलाहा, मधुनगरी, भगवानपुर, कोडरं, बालापुर, पहाड़ापुर, भ[..]पुर, घबोलिया, मोरवनपुर, बटेरनिया, सोनगढ़ा, मोतेनहरा, कन्हीडेह, जगम्भरिया, रतनपुर, कुशावा अक। लघामा, भोजपुर	3785	5390	अतिसार, गलगण्ड, अण्ड वृद्धि ज्वर, चर्म रोग, गृध्रसी (शियाटिका)
2·	रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक (जनजातीय) नार्थ केनारा कर्नाटक	10·2·84		-	3731 नये 947 अनुवर्ती 2784	उदर विकार, एलर्जिक (श्वसनी रोग और चर्म रोग) एलर्जिक नासाशोथ, रक्तहीनता, आमोविआसिस, कब्ज, दुःश्वास, पेचिश, इओसिनोफीलिआ, हृदयरोग, कृमिरोग, श्वेत प्रदर, कटिवात, कुपोषण, वायुविवरशोथ, यू·आर·टी·आई· रतिज रोग आदि ।

पहलुओं का ... निम्नलिखित

2	3	4	5	7	
3. रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक (जनजातीय), इडुक्की (केरल)	1.3.84	1. एलापल्ली 2. पाथी पल्ली 3. एडाडु 4. कूवापल्ली 5. नाडुकानी 6. वाटाकनी 7. किझकगाला 8. वालाकेल्ली 9. करीपामागाडु 10. कीटिला	5490	----	दमा, छोटी माता, नेत्रश्लेष्माकलाशोथ, अतिसार, पेचिस, कृच्छ्रार्तव, एक्जिमा ज्वर, सिर पीड़ा, इन्फ्लुएंजा, खसरा, कनफेड़, स्कोटिज़म, नासाग्रसनीशोथ, गोलकृमि, स्केबीस, मुखपाक, तुण्डिकाशोथ, वमन।
4. रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक, (जनजातीय) दीर्जिलिंग (पश्चिम बंगाल)	8.3.84	-	-	390	ज्वर के साथ साधारण ठंड और खांसी, कृच्छ्रार्तव, जठरांत्रविकार, आमवातीय पीड़ा (जोड़ों का दर्द) चर्म विस्फोट।
5. रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक (जनजातीय) रांची (बिहार)	9.3.84	सिमराटोला, पतराटोली, कदम, गारू, जयपुर, कोंगी, कामता, अर्सनदे, बोरायां पतराटू गागी, छटंगा, पतागी, रेंडो*, संग्रामपुर, कर्मा, टोला, होटोहर हसीर, वहु, सिमरटोला, कोकडोरो, बालू कोकडोरो, चेतार, वडहू, कोकडोरा चेतार बुरी बागी, बंनहारा, चांदोवेइ (पारवनटोला) डोबालिया। *मुरूम, अकम्बा, रोल, नवाटोला, कोकडोरो	27125	529	विद्रधि (फोड़ा) दमा, उदरशूल, पीठ दर्द, फोड़े, श्वसनी रोग, छाती दर्द, कब्ज, खांसी, सूखी खुजली, अतिसार, पेचिस, फीलपांव, ज्वर, गाउट, अण्डवृद्धि, मलेरिया, रात्रि अंधता, मलाशय भ्रंश, कीड़े।

1	2	3	4	5	6	7
6.	रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक (जनजातीय) सिक्किम	23.3.84	मनगग बाजार, वस्ती (कजोर सिंधिक नानडे चानडे अमृत हुंग, रिंगिम जिमचुंग मा'लिंग, रंग रंग)	1094	--	श्वसनीशोथ, ठंड, अतिसार, पेचिस, ज्वर, इम्पेटीगो, इन्फ्ल्युएंजा, मलेरिया, खसरा, स्केबी, कालज्वर, कृमि आदि।
7.	रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक, बस्तर (मध्य प्रदेश)	16.7.84	फरसा पाड़ा, करमारी, केसरपाल, बनियागाओं पल्ली भटा भटपाल, कोलचूर, मोहपाल, चिराइपादार, परेहानपाल, टाकरागूना, टाकरालोन-बागा, कवीअराना कुर्कानार घाट लोनहागा, फरसागुड़ा गुंडापाल तलोड़ इच्छापाड़ बाग, महाली बोदनपाल, झाड, तराई, महोटा, भोंड, डूके, उ'र गांव ऐतावंद, ऐतावाड़ा, कुदालगांव, लभकार, सोनेरपाल, भानपुरी, फरसागुड़ा, रवारीहोड़ा, बलेंगा।	1163	779	रक्तहीनता, अस्थिसंधिशोथ, दमा, श्वसनी शोथ, जुकाम, खांसी, शूल, कृच्छ्रार्तव, नासारक्तस्रवण, जी.आई.टी विकार, सिर दर्द, पीलिया, श्वेतप्रदर मलेरिया, सूखारोग, धड़कन, पटिकाएं, पायोरिया वृक्काशूल, संधिशोथ, चर्म प्रदूषण, मुखपाक, टीनिया संक्रमण, तुण्डिकाशोथ, कृमि।

1	2	3	4	5	6	7
8•	रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक 8जनजातीय8 पांडीचेरी	20•7•84	एम्बालम पांडीचेरी	213	वहिरंग रोगी विभाग ने मार्च, 1985 के अन्तिम सप्ताह में काम करना शुरु किया	खांसी और ठंड, कृमि रोग, चर्म विस्फोट
9•	रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक 8जनजातीय8 मणिपुर	21•7•84	गांव, सालेनवेंग, खोसोइ, सैदां, थिंगागफाई, न्यूमासा, ओल्ड माता, पंजोल, साइकोट	400	2500	दीर्घावधिक पेचिस, श्वेतप्रदर कटिवात, आमावात ।
10•	रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक 8जनजातीय8, सेलम	25•8•84	सेम्मेदु, सीकूथाराय, पेरुमा-पेट्टी	298	वहिरंग रोगी विभाग ने मार्च, 1985 के अन्तिम सप्ताह में काम करना प्रारंभ किया	अतिसार, यौन संचरित रोग, चर्म विस्फोट ।

1	2	3	4	5	6	7
11.	रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक, जेपुर (उडीसा)	1.9.84	× चनालगुड़ा बियागुड़ा कालीगुड़ा× हृदापुट डुबली कालीगुड़ा बूटागुड़ा, पेटागुड़ा, कुन्दारगुड़ा, चिल्लिगुड़ा, जेपुर, जयानगर, नीलागुड़ा पाराावेडा, बगारा, भवनगुड़ा, कुशुमपुट, बादलीगुड़ा डांगर चिंची, मुखीकुबिक, पांगियगुड़ा, डिमिला, जोगीपुर, सिकियागुड़ा, पुमागुड़ा, जयनगर, नोलागुड़ा, दसपुट, कुमारीशाई, चिल्ली गुड़ा, खुम्भाधिया, जेपुर, सुनीगुड़ा, बोरीगुमा, मधुपुट, जमुण्डा, बियागुड़ा, कालीगुड़ी, चनालगुड़ा हौरेदापुर, डुबली, कालीगुड़ा, बूटागुड़ा, पेटागुड़ा, कण्डरगुडा	928	635	श्वसनी शोथ, जुकाम, खांसी, जी.आई.टी. विकार, श्वेत प्रदर, मलेरिया ज्वर आमवातीय दर्दें, चर्म-प्रदूषण, ×तुण्डिकाशोथ और कृमि प्रदूषण । × मुखपाक
12.	रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक, विजयवाड़ा	1.10.84	ग्राम 1. पाथापादु 2. नून्ना 3. सुरमपल्ली	437	250	एमोविआसिस, अस्थिसन्धि शोथ, बहुतन्त्रिकाशोथ आदि

1	2	3	4	5	6	7
13.	रोगलाक्षणिक अनुसंधान एकक, मिजोराम	10.10.84	बगांन ग्राम, माउवाक ग्राम, वेम्चलूई ग्राम	3245	-	उदर विकार, ज्वर, श्वास रोग
